**सुविचार**
जो व्यक्ति श्रम नहीं करता, देवता भी उसका भला नहीं कर सकते हैं।

हिंदी दैनिक
# द फोटोन न्यूज
सच के हक में...
झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित

रांची • मंगलवार, 25 अप्रैल 2023 • वर्ष : 01 • अंक : 99 • रांची संस्करण • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3 • www.thephotonnews.com
E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com



08

छोटे पर्दे पर नई शैलियों के बारे में खुलकर बोली टीना

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 58,237.85 |
| निफ्टी | : | 17,154.30 |

**सर्राफा**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5400 |
| चांदी | : | 68.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**ब्रीफ न्यूज**

### ममता बनर्जी ने नीतीश-तेजस्वी के साथ बनाया बीजेपी के खिलाफ प्लान

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि विपक्षी दल आगामी आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जीरो पर लाने के लिए मिलकर काम करेंगे। बनर्जी ने जनता दल (यूनाइटेड ) नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के साथ यहां बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस से यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा एक बड़ी हीरो बन गयी है। हमें उसे जीरो पर लाना होगा। हम सब एक साथ हैं। उन्होंने भाजपा पर झूठ और गुंडागर्दी जैसी आपराधिक गतिविधियों का सहारा लेने का आरोप लगाया और कहा कि हम सभी सामूहिक रूप से मिलकर काम करेंगे। यदि विचार, दृष्टि और मिशन स्पष्ट हैं, तो कोई समस्या नहीं होगी।

### केरल में पहली वाटर मेट्रो की मोदी करेंगे शुरूआत

**कोच्चि :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को कोच्चि के द्वीपों को जोड़ने वाली देश की पहली जल मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। सोमवार से अपने दो दिवसीय केरल दौरे के दौरान पीएम मोदी कई अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे और चर्च के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे। अपनी तरह की यह अनूठी परियोजना कोच्चि और इसके आसपास के लोगों को सुरक्षित, सस्ती और जेब के अनुकूल यात्रा उपलब्ध कराएगी। पहले चरण में जल मेट्रो आठ इलेक्ट्रिक-हाइब्रिड नावों के साथ दो रूटों, हाई कोर्ट से वायपिन और वायटीला से कक्कनाड तक की यात्रा शुरू करेगी। हाई कोर्ट से विपिन मार्ग के लिए एकल यात्रा टिकट का किराया 20 रुपये निर्धारित किया गया है। व्यत्तिला से कक्कानाड मार्ग का किराया 30 रुपये होगा।

### कोरोना रफ्तार पर ब्रेक! एक्टिव केस में गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक महामारी कोरोना का भारत में पिछले कुछ दिनों से एकबार फिर से खौफ बढ़ने लगा है। पिछले कई दिनों से देश में कोरोना के मामलों में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। इससे पहले देश में कोरोना धीरे-धीर दम तोड़ता नजर आ रहा था लेकिन मौसम में बदलाव के बीच एकबार फिर से कोरोना के नए मामले तेजी से बढ़ने लगी है। कोरोना मामलों में बढ़ोतरी पिछले 9 हफ्तों से लगातार बढ़ रही है। हालांकि आज कोरोना के मामले में देश के लिए राहत की खबर है। कोरोना के डेली मामले और एक्टिव केसों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले कुछ दिनों से देश में एकबार फिर से कोरोना के मामलों में तेजी देखी जा रही है। हालांकि कल के मुकाबले देश में आज कोरोना के दैनिक मामले में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। देश में आज कोरोना के 7178 नए केस सामने आए हैं। इस दौरान कोरोना संक्रमण की वजह से 16 लोगों की मौत की खबर है। इससे पहले रविवार को देश में कोरोना के 10112 नए केस सामने आए थे जबकि 29 लोगों की मौत हुई थी। इस तरह पिछले 24 घंटे में कोरोना के नए दैनिक मामले में 2934 की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आज सुबह जारी आंकड़े के मुताबिक बीते 24 घंटे में देश में कोरोना संक्रमण के 7178 नए केस सामने आए। इस दौरान कोरोना संक्रमण की वजह से 16 व्यक्तियों की मौत की खबर है। अकेले केरल ले 8 लोगों की मौत की खबर है। वहीं इस दौरान देश में 9011 लोग कोरोना वायरस के संक्रमण को मात देने में कामयाब रहे, यानी स्वस्थ्य हुए।

# आईएएस छवि रंजन से ईडी की पूछताछ, छह आरोपियों की रिमांड अवधि बढ़ी

- ईडी ने 13 अप्रैल को 21 ठिकानों पर की थी छापेमारी
- छवि रंजन के मोबाइल से मिली महत्वपूर्ण जानकारी
- कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस को भी समन






**विशेष संवाददाता, रांची।**
आईएएस छवि रंजन कथित अवैध जमीन सौदा मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को रांची में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। ईडी इस कथित अवैध जमीन सौदा मामले में जांच कर रहा है। वर्ष 2011 बैच के झारखंड काडर के अधिकारी रंजन सुबह करीब साढ़े 10 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। आईएएस छवि रंजन से देर शाम तक पूछताछ किए जाने की संभावना है। वहीं इस मामले में गिरफ्तार सात आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी के आग्रह पर विशेष अदालत ने सात में से छह आरोपियों की रिमांड अवधि को तीन दिनों के लिए बढ़ा दिया। अब ईडी उनसे तीन दिन और पूछताछ करेगी। जबकि एक अन्य आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

**ईडी ने 13 अप्रैल को 21 ठिकानों पर की थी छापेमारी**
इस मामले में 13 अप्रैल को ईडी की टीमों ने आईएएस छवि रंजन सहित 18 लोगों के झारखंड, बिहार, बंगाल स्थित 21 ठिकानों पर छापामारी की थी। ईडी ने छापामारी के दौरान छवि रंजन से पूछताछ भी की थी। इस दौरान जमीन-जायदाद के सैकड़ों डीड, कागजात, हेराफेरी के लिए तैयार किए गए फर्जी दस्तावेज, सील-मुहर, अंचल कार्यालय के सरकारी रजिस्टर आदि बरामद किए गए थे। इस सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्हें ईडी रिमांड पर लेकर पहले से पूछताछ कर रही है। इनमें बंगाल के आसनसोल निवासी कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों ने ईडी से पूछताछ में बताया है कि जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री के लिए रजिस्ट्री और अंचल ऑफिस के दस्तावेजों में हेर-फेर की गई थी। इस बात का भी खुलासा हुआ कि सेना की जिस साढ़े चार एकड़ जमीन की अवैध तरीके से बिक्री की गई है, उसकी रजिस्ट्री डीसी छवि रंजन के आदेश पर की गई थी। अवर निबंधक ने इसका जिक्र जमीन की डीड में किया है।

**छवि रंजन के मोबाइल से मिली महत्वपूर्ण जानकारी**
ईडी ने छापेमारी के दौरान आईएएस छवि रंजन से उनका मोबाइल लेकर जांच की थी। इसमें पाया गया कि उन्होंने जमीन हेराफेरी से जुड़े मामले में ईडी की संभावित कार्रवाई और पूछे जाने वाले सवालों के जवाब तैयार कर रखे थे। इस मामले में ईडी ने आईएएस छवि रंजन को पहला समन 17 अप्रैल को जारी कर 21 अप्रैल को ईडी जोनल ऑफिस पहुंचने को कहा था, लेकिन वे नहीं पहुंचे। उन्होंने अपने वकील के जरिए दो हफ्ते का समय मांगा। इस पर ईडी ने उसी दिन दोबारा समन जारी कर शाम चार बजे तक ऑफिस आने को कहा। इसके बाद भी वे हाजिर नहीं हुए, फिर ईडी ने तीसरा समन जारी किया और 24 अप्रैल को दफ्तर पहुंचने को कहा। इसी मामले में कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस त्रिदिप मिश्रा को भी ईडी ने समन भेजा है। उन्हें आगामी दो मई को रांची स्थित ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। दरअसल रांची में जिन जमीनों की खरीद-बिक्री में फजीवाड़ा हुआ है, उसके दस्तावेज बंगाल में तैयार किए गए हैं। जानकारी के लिए आपको बता दें, ईडी ने 13 अप्रैल को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ रांची के पूर्व डीसी और आईएएस छवि रंजन के रांची स्थित सरकारी आवास और जमशेदपुर के कदमा स्थित फ्लैट के अलावे कई अंचलाधिकारी और जमीन कारोबारियों के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी. इसके बाद 13 अप्रैल को ही देर रात ईडी ने मामले में बड़गाई अंचल के सीआई भानु प्रताप समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया था. जिन्हें उसके अगले दिन यानी 14 अप्रैल को ईडी की विशेष अदालत में पेशी के बाद ईडी ने सभी आरोपियों से पूछताछ के लिए कोर्ट में 5 दिनों के रिमांड की मांग की थी. जिसपर कोर्ट ने चार दिनों के रिमांड पर अपनी मंजूरी दी थी।

### सीएम के प्रेस सलाहकार पिंटू के खास सहयोगी उदय शंकर के आवास पर ईडी का छापा

**रांची।** मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के खास सहयोगी (निजी सचिव) उदय शंकर के रांची स्थित आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही है। उदय शंकर का आवास रांची में डोरंडा बाजार के पीछे बांग्ला स्कूल के समीप है। ईडी के अधिकारी सदल-बल मौके पर मौजूद हैं और पूरे आवास की तलाशी ले रहे हैं। अब तक क्या कुछ मिला, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है। संताल क्षेत्र में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने पूर्व में अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी पूछताछ की थी। इस मामले की छानबीन के दौरान ईडी को उदय शंकर के बारे में जानकारी मिली। बताया जा रहा है कि उदय शंकर की सीएमओ में अच्छी पहुंच है और उसका लगातार आना-जाना है। ईडी को यह सूचना है कि उदय शंकर से अवैध खनन के मामले में कई अहम जानकारियां मिल सकती हैं। दो दिन पहले ईडी ने रांची स्थित रजिस्ट्री कार्यालय से अनगड़ा प्रखंड के 0.88 एकड़ क्षेत्रफल के पत्थर खनन लीज से संबंधित दस्तावेज अपने साथ ले गई थी। यह लीज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संबंधित है। ईडी को यह भी सूचना है कि उक्त पत्थर खनन लीज व अन्य अवैध खनन मामले में उदय शंकर के पास बहुत सी जानकारी है। उसके आवास से भी आपत्तिजनक दस्तावेज आदि मिल सकते हैं। इसके बाद ही ईडी ने वहां छापा मारा है।

**अभिषेक प्रसाद की मां का निधन**
इधर, उदय शंकर के आवास पर चल रही ईडी की छापेमारी के बीच मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू की माता के निधन की खबर सामने आ रही है। उन्होंने कहा है, आज दिनांक 24 अप्रैल 2023 को मेरी माता श्रीमती विमला देवी का देहांत हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज अपराह्न 04 बजे से मेरे पैतृक निवास शिवपुरी, रांची से हरमू मुक्ति धाम के लिए प्रस्थान करेगी।

पंचायती राज्य सम्मेलन : रीवा में मोदी ने दी एयरपोर्ट की सौगात, बोले-

## गांवों में बसती है भारत की आत्मा



**66 हजार पोलिंग बूथों पर होगा मन की बात का प्रसारण**

चुनावी साल में प्रदेश की जनता को सौगातें देने के लिए केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने अपना खजाना खोल दिया है। सोमवार को विंध्य के रीवा दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश को हजारों करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात देने के साथ एक करोड़ 25 लाख लाभार्थियों को भू-अधिकार योजना के तहत जमीन का पट्टा देने के साथ पीएम आवास योजना के तहत 4 लाख से अधिक लाभार्थियों को गृह प्रवेश कराया। प्रधानमंत्री ने प्रदेश को 2300 करोड़ से अधिक की रेल परियोजनाओं की सौगात भी दी।

**एजेंसी, भोपाल।**
रीवा में आयोजित पंचायती राज सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रीवा पहुंच गए हैं। जहां सीएम शिवराज सिंह चौहान सहित बीजेपी के वरिष्ट नेताओं ने उनका स्वागत किया। इससे पहले सीएम शिवराज ने रीवा पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। पीएम मोदी ने रीवा को एयरपोर्ट की सौगात दी है। जिसके लिए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पीएम मोदी का धन्यवाद दिया। पंचायती राज सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ह्यपहले की सरकारों ने पंचायतों के साथ भेदभाव किया है। लेकिन हमारी सरकार पंचायतों को सशक्त कर रही है। क्योंकि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। 2014 से पहले पंचायतों के लिए वित्त आयोग का अनुदान 70 हजार करोड़ से भी कम था। लेकिन हमारी सरकार आने के बाद अनुदान को 70 हजार से बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का किया है। पीएम मोदी के मध्य प्रदेश दौरे को लेकर सीएम शिवराज ने कहा कि ह्यआज फिर मध्यप्रदेश के सौभाग्य सूर्य का उदय हुआ है। हमारे प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज फिर अनेकों सौगातें लेकर मध्यप्रदेश की धरा रीवा पर पधार रहे हैं। प्रधानमंत्री जी का मध्यप्रदेश की धरती पर बहुत-बहुत स्वागत है। सीएम शिवराज ने कहा कि ह्यप्रधानमंत्री अनेकों सौगातें लेकर आ रहे हैं, 4 लाख 11 हजार हितग्रहियों को गृह प्रवेशम कराएंगे, स्वामित्व के अधिकार पत्र का प्रदाय करेंगे, सवा करोड़ अधिकार पत्र हितग्राहियों को सौंपेंगे, 7 हजार 853 करोड रुपए की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। अब तक 57 लाख घरों में पीने का पानी पहुंचा चुके हैं, 2300 करोड़ की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास राष्ट्र को समर्पित करेंगे, ग्वालियर रेलवे स्टेशन पुनर्विकास का शिलान्यास करेंगे। रीवा से सीधे ट्रेनों के माध्यम से नागपुर से जुड़ेगा, 3 ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। डबल इंजन सरकार का विकास मॉडल-रीवा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं पीएम आवास योजना, नल जल योजना, गरीबों को मुफ्त अनाज देने सहित अन्य योजनाओं को बताने के साथ पहले की कांग्रेस सरकार पर गरीब और गांव की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी को उल्लेख करते हुए कहा कि पूज्य बापू कहते थे कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है लेकिन कांग्रेस सरकारों ने गांधी के विचारों को अनसुना कर दिया। कांग्रेस सरकार ने पंचायती राज के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की। वहीं 2014 के बाद भाजपा सरकार ने पंचायतों के सशक्तिकरण के जरूरी कदम उठाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की करोड़ो महिलाओं को घर की मालकिन बनाया है और आज इन मकानों की कीमत लाखों में है। ऐसे में भाजपा सरकार ने करोड़ों दीदियों को लखपति बनाया है। 66 हजार पोलिंग बूथों पर मन की बात का प्रसारण-कार्यक्रम में प्रधामंत्री ने 30 अप्रैल को मन की बात के 100वें एपिसोड के होने वाले प्रसारण का जिक्र करते हुए कहा कि वह खुद इसका ब्रेसबी से इंतजार कर रहे है।

पहलवानों ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

## ब्रजभूषण पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की



**एजेंसी, नई दिल्ली।**
राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरनारत कुश्ती खिलाड़ियों ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दरअसल, पहलवानों का कहना है कि उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। उनका कहना है कि वे कुश्ती को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि उन्हें न्याय नहीं मिला है। इसलिए वे एक बार फिर उन्हें विरोध प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ा है। खिलाड़ियों ने पिछली बार जनवरी में विरोध प्रदर्शन किया था। 23 अप्रैल से एक बार फिर पहलवान विरोध प्रदर्शन के लिए सड़क पर उतर आए हैं। ब्रजभूषण पर लगाए थे यौन उत्पीड़न के आरोप : दरअसल, महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इस मामले की जांच के लिए खेल मंत्रालय ने दिग्गज मुक्केबाज मैरीकॉम की 5 सदस्यीय निरीक्षण समिति की घोषणा की थी। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने भी समिति से इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। अधिकारी के मुताबिक कुश्ती संघ प्रमुख के खिलाफ 7 शिकायतें मिली हैं, उन सभी की जांच की जा रही है।

हमें न्याय नहीं मिला : खिलाड़ियों का कहना है कि करीब तीन महीने हो गए हैं उन्हें न्याय नहीं मिला है। पहलवान साक्षी मलिक ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कमेटी को लड़कियों ने बयान दिए हैं, हमारी कोई सुनवाई नहीं हो पा रहे हैं। हम पर आरोप लगाया जा रहा है कि हम खत्म हो गए हैं, इसलिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हम खत्म नहीं हुए हैं। हम कुश्ती को बचाने के लिए लड़ रहे हैं। हमें झूठा साबित करने की कोशिश न की जाए। हम चाहते हैं कि सच्चाई की जीत हो। एक अन्य पहलवान विनेश फोगाट ने आंखों आंसू लिए कहा कि कमेटी को पब्लिक में बताना चाहिए कि क्या सही है और क्या गलत है। यदि हम गलत हैं तो हमें सजा मिलनी चाहिए उन्होंने कुश्ती संघ के अध्यक्ष सिंह और हमारा भी नारको टेस्ट होना चाहिए। कौन सही है और कौन गलत पता लग जाएगा। इस बीच, पहलवानों को भाजपा नेता और पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी का भी साथ मिला है।

**15 अप्रैल को हुई थी अतीक और अशरफ की हत्या, महिला कनेक्शन की भी होगी जांच**

## अतीक के दफ्तर में मिला चाकू, खून के धब्बे, कत्ल की ओर इशारा, फॉरेंसिक टीम लगाएगी सचाई का पता



अतीक के दफ्तर में मिले खून के धब्बे, चाकू, दुपट्टा और चूड़ियां • एजेंसी

**एजेंसी, प्रयागराज।**
माफिया अतीक अहमद और पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ की हत्या के 8 दिन बाद खुल्दाबाद थाना के कर्बला स्थित ढहाए गए कार्यालय में रविवार देर रात खून के निशान और चाकू मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रयागराज डीसीपी दीपक भूकर ने बताया कि कर्बला स्थित ढहाए गए कार्यालय में खून के निशान मिले हैं। वहां पर एक चाकू भी बरामद किया गया है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से सबूत इकट्ठा किया है, उसकी प्रांरभिक रिपोर्ट आने के बाद ही सचाई के बारे में बताया जा सकता है। एक कमरे में पीछे खिड़की का शीशा टूटा मिला है। इस तरफ से भी किसी के अंदर आने की संभावना हो सकती है। सभी बिन्दुओं पर भी जांच की जा रही है।

**किसी महिला के कत्ल का कनेक्शन :** सूत्रों ने बताया कि खून के धब्बे निचले तल से लेकर दूसरी मंजिल के कमरों किचन और सीढ़ियों पर हैं। किचन में रखा सामान फैला हुआ है और हीटर सहित दूसरे तमाम वस्तुएं टूटे पड़े मिले। एक कमरे में सोफे पर महिला के कपड़े में भी खूब के धब्बे हैं। पूरे मामले में महिला के कनेक्शन की भी जांच की जाएगी। 24 फरवरी को प्रयागराज में विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह रहे उमेश पाल और उसके दो सरकारी गनर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से इस हत्याकांड की जांच शुरू की तो उसमें माफिया अतीक अहमद का बेटा असद उमेश पाल पर गोलियां बरसाते हुए नजर आ रहा आया। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल चार आरोपितों को मुठभेड़ में मार गिराया, बाकी अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है। इस मामले में अतीक अहमद, अशरफ, शाइस्ता परवीन, बेटों और नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने अतीक और उसके भाई को हत्या के मामले में 13 अप्रैल को रिमांड पर लिया था। 15 अप्रैल की रात करीब 10.30 बजे रुटीन जांच के लिए काल्विन अस्पताल ले जाया गया था जहां तीन शूटर लवलेश तिवारी, अरुण मौर्य और सनी सिंह ने गोलियों से छलनी कर दिया। प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के बाद से अतीक के पत्नी शाइस्ता परवीन फरार है। पुलिस लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है, लेकिन अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। अब शाइस्ता पर इनाम बढ़ाने की तैयारी है।

## अफ्रीकी देश सूडान में फंसे भारतीयों के लिए ऑनरेशन कावेरी शुरू, 500 की वापसी



**एजेंसी,नई दिल्ली।**
अफ्रीकी देश सूडान में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए सरकार ऑपरेशन कावेरी शुरू हो गया है। इसमें 500 भारतीय पोर्ट सूडान पहुंच गए हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। फ्रांस ने भी भारतीय नागरिकों की मदद की है। जयशंकर ने लिखा ट्वीट में लिखा है कि सूडान में फंसे हमारे नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन कावेरी चल रहा है। करीब 500 भारतीय पोर्ट सूडान पहुंच गए हैं जबकि अन्य रास्ते में हैं। जयशंकर ने अपने ट्वीट में जानकारी दी कि हम सूडान में अपने नागरिकों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे विमान और शिप उन्हें वापस लाने के लिए तैयार हैं। फ्रांस ने हिंसाग्रस्त सूडान से निकासी अभियान के तहत 5 भारतीय नागरिकों सहित 28 देशों के नगरिकों को बाहर निकाला है। फ्रांसीसी राजनयिक सूत्र ने बताया कि फ्रांस की वायु सेना ने अब तक 5 भारतीय नागरिकों को निकाला है। इन भारतीयों को 28 से अधिक अन्य देशों के लोगों के साथ जिबूती में फ्रांस के सैन्य अड्डे पर लाया गया।

# प्रधानमंत्री ने एकीकृत ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल का किया शुभारंभ

**एजेंसी, रीवा।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रीवा में आयोजित राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देशभर की पंचायतों के लिए एकीकृत ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल का लघु फिल्म के माध्यम से राष्ट्रीय शुभारंभ किया। इस एकीकृत पोर्टल से पंचायतें सामान और सेवाओं की खरीद और उनका भुगतान डिजिटल तरीके से कर सकेंगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के लिए समावेशी विकास थीम का भी शुभारंभ किया। लघु फिल्म से एकम समावेशी विकास वेबसाइट और मोबाइल ऐप को राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च किया गया। सरकार की योजनाओं का पूर्ण लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने विकास की ओर साझे कदम अभियान का भी शुभांरभ किया।


पंचायती राज के दिवस समारोह में सम्मान पत्र सौंपते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। ● द फोटोन न्यूज

समावेशी विकास पर केन्द्रित इस अभियान में अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने देश का 1 करोड़ 25 लाखवां स्वामित्व संपत्ति कार्ड सिंगरौली जिले के ग्राम गड़हरा की सीता साकेत तथा सूरजलाल साकेत को प्रदान किया। इसमें गांव की आबादी भूमि और घरों के सर्वे तथा मानचित्रण के बाद भूमि स्वामियों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक और अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराए जाते हैं। योजना के क्रियान्वयन में मध्य प्रदेश, देश में प्रारंभ से ही अग्रणी है। स्वामित्व-मेरी संपत्ति मेरा हक पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी हुआ।

प्रधानमंत्री ने लगभग 2300 करोड़ रुपये की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ भी किया। इनमें रीवा से इतवारी (नागपुर) भाया छिन्दवाड़ा, छिन्दवाड़ा से नैनपुर और नैनपुर से छिन्दवाड़ा चलने वाली ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। साथ ही ग्वालियर रेलवे स्टेशन के 535 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन की लगभग 7,853 करोड़ रुपये की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें रीवा जिले की 2319 करोड़ 45 लाख रुपये लागत की 1411 गांव में पानी पहुंचाने वाली रीवा बाणसागर परियोजना, 2153 करोड़ 12 लाख लागत की रीवा और सतना जिले के 295 गांव को लाभान्वित करने वाली सतना बाणसागर-2 परियोजना जल-प्रदाय योजना, 1641 करोड़ 52 लाख लागत की 677 गांव में पीने का पानी पहुंचाने वाली सीधी बाणसागर समूह नल-जल योजना, 951 करोड़ 18 लाख लागत की रीवा जिले के 630 गांव को लाभान्वित करने वाली टमस समूह नल-जल योजना और 788 करोड़ 63 लाख रुपये लागत की 323 गाँव को लाभान्वित करने वाली गुलाब सागर समूह जल-प्रदाय योजना शामिल है। इन योजनाओं से 4 हजार 36 गांव के लगभग 9 लाख 48 हजार परिवार लाभान्वित होंगे।

प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और नवाचारों पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, आजीविका मिशन, अमृत सरोवर, ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए होमस्टे, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, रीवा अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजना, बाणसागर परियोजना, व्हाइट टाइगर प्रोजेक्ट और कृषि के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों पर केंद्रित स्टाल थे। कार्यक्रम के आरंभ में धरती कहे पुकार के नामक सांस्कृतिक प्रस्तुति भी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में हुए राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह का साक्षी बनने के लिए देश की सभी ग्राम सभाएं कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ी।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज मध्य प्रदेश के विकास से जुड़ी 17 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण हो रहा है। यह परियोजनाएं प्रदेशवासियों का जीवन आसान बनाने में मददगार होंगी। साथ ही रोजगार सृजन के नए अवसर भी निर्मित होंगे। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना में मध्य प्रदेश सरकार ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज कर बेहतरीन कार्य किया है। मध्य प्रदेश की 50 लाख से अधिक महिलाए स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं।

उन्होंने बताया कि आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के इस कार्यक्रम से देश के 30 लाख से ज्यादा पंचायत प्रतिनिधि जुड़े हैं। यह भारत के लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर है। हम सभी जनता के प्रतिनिधि हैं और देश तथा लोकतंत्र के लिए समर्पित हैं। ₹जन सेवा से राष्ट्र सेवा₹ ही हम सब का लक्ष्य है।

प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश में रेलवे नेटवर्क के विस्तार से प्रदेशवासियों को हुए लाभ, पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं और रोजगार के नए अवसरों तथा किसानों, विद्यार्थियों, कारोबारियों को होने वाली सुविधा पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

# राज्य के अधिकारियों व उनके परिजनों की संपत्ति की जांच कराएं मुख्यमंत्री : भाकपा

**संवाददाता, रांची।**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने राज्य के आला अधिकारियों की संपत्ति और उनके परिजनों की संपति की जांच कराने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है।

सोमवार को भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि राज्य में आला अधिकारियों ने भ्रष्टाचार कर खूब लूट मचाई है । निलंबित आईएएस पूजा सिंघल, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम, आईएएस छवि रंजन सहित कई अधिकारियों ने करोड़ों की संपत्ति अवैध रूप से जमा की है। इससे स्पष्ट होता है कि राज्य में किस तरह से खनिज और जमीन की लूट और टेंडर घोटाले हुए हैं।


मिडिया को जानकारी देते भाकपा नेता। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने आरोप लगाया कि टेंडर मैनेज करने का काम बहुत पहले से चल रहा है। केवल वीरेंद्र राम के हटा देने से समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

वीरेंद्र राम की पूरी टीम को उस जगह से हटाया जाय और सभी की जांच कराई जाए। पाठक ने कहा कि राज्य में लगातार हजारीबाग, रांची, रामगढ़, पलामू, संथाल परगना सहित पूरे राज्य में आला अधिकारी लूट खसोट कर रहे हैं। राज्य में अवैध कारोबार चरम पर है, कोयला, लोहा, गिट्टी, बालू से लेकर तमाम खनिज संपदाओं का दोहन अधिकारियों की मिलीभगत से किया जा रहा है। इसे कई सफेदपोश लोगों का संरक्षण भी है। बगैर सफेदपोश के संरक्षण का अवैध कारोबार नहीं चल सकता है।

उन्होंने कहा कि राज्य में जिस तरह से रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की मिलीभगत से भू-माफियाओं ने सेना की जमीन को नहीं छोड़ा। उसी से अनुमान लगाया जा सकता कि राज्य में किस कदर लूट मची हुई है। राज्य में खनिज संपदा लूट की खुली छूट है। यहां भी छापा पड़ रहा है, वहां करोड़ों नगद और जमीन के कागजात मिल रहे है।

# क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण के लिए पूर्व विधायक ने किया पैदल मार्च

**संवाददाता, गोड्डा।**

जिले के ललमटिया सीमरा बोआरिजोर में जर्जर मुख्य मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर पूर्व विधायक ताला मरांडी ने अपने सहयोगियों के साथ सोमवार को पैदल मार्च निकाला।

सोमवार को सड़क निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने डकैता गांव से बोआरीजोर प्रखंड मुख्यालय तक पैदल मार्च किया। दरअसल, जर्जर मुख्य मार्ग को बनवाने के लिए 15 दिन पूर्व झारखंड सरकार को आवेदन देकर अल्टीमेटम दिया था। समय सीमा बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू न होने पर पूर्व विधायक ताला मरांडी की अगुवाई में सिमरा बोआरीजोर मिर्जा चौकी सड़क निर्माण संघर्ष समिति ने सोमवार को ललमटिया स्थित सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कार्यकताओं के साथ ललमटिया से बोआरिजोर तक के लिए पैदल यात्रा किया गया।

इस मौके पर विधायक ने कहा कि लगातार भारी वाहनों के चलने से बोआरीजोर मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क पर जगह-जगह ढाई फीट से तीन फीट तक गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिस कारण तीन साल से यात्री बस नहीं चल रही हैं।

उन्होंने बताया कि भेरेंडा से बोआरिजोर तक 12 किलोमीटर की दूरी तक यह मुख्य मार्ग गड्ढे में तब्दील हो चुका है। साहिबगंज, मिजाचौकी, बरहरवा की ओर से गिट्टी लेकर आ रहे ओवरलोड ट्रकों के आने जाने से सड़क टूट गई है। उन्होंने कहा कि इस सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू न हुआ तो 25 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# बिहार से हो भाजपा के खिलाफ एकजुटता की शुरूआत : ममता

**संवाददाता, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार अपराह्न बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से राज्य सचिवालय में मुलाकात की। इस दौरान उनमें विपक्षी एकजुटता पर बात हुई है। बैठक के बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में नीतीश कुमार ने कहा कि ममता दीदी से बहुत सकारात्मक बातचीत हुई है। बैठक काफी फलदायी रही है। हमलोग मिलकर एक साथ लड़ाई करने को राजी हुए हैं और इस पर हर कोई सहमत है। हालांकि नीतीश कुमार ने भाजपा के खिलाफ अथवा किसी भी अन्य नेता के खिलाफ नाम लेकर कुछ भी नहीं कहा। उनसे ममता बनर्जी की पार्टी के साथ मिलकर गठबंधन करने और एकजुट राजनीतिक कदम के बारे में जब सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पहले तो सारे लोग मिलजुल रहे


एक मंच पर नितीश कुमार, ममता बनर्जी व तेजस्वी यादव। ● द फोटोन न्यूज

हैं, बातचीत कर रहे हैं। पहले बातचीत हो रही है उसके बाद गठबंधन के बारे में कदम उठाया जाएगा। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इस दौरान मीडिया से बहुत कुछ बात नहीं की।

ममता बनर्जी ने कहा कि नीतीश जी बंगाल आए हैं, यह हमें बहुत अच्छा लग रहा है। हमसे मिले हैं। हम लोगों ने इस बात पर बात की है कि भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है। इस तरह का संदेश पूरे देश में देने की जरूरत है कि केंद्र की पार्टी को सत्ता से हटाने के लिए सभी पर्सनल ईगो को छोड़ कर हमलोग एक साथ काम करेंगे। ममता ने कहा कि जयप्रकाश आंदोलन की शुरूआत भी बिहार के पटना से हुई थी और हम लोग चाहते हैं कि वर्तमान केंद्र सरकार के खिलाफ भी विपक्षी महाएकता की शुरूआत बिहार से ही हो। हमलोग चाहते हैं कि बिहार में एक बड़ी बैठक हो जिसमें गैर भाजपा दलों के नेता उपस्थित हों।

# विफलताओं को छुपाने का प्रयास है कोयल रिवर फ्रंट का उद्घाटन : दीपक तिवारी

**संवाददाता, मेदिनीनगर।**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता दीपक तिवारी ने कहा है कि कोयल रिवर फ्रंट का अभी निर्माण पूरा नहीं हुआ था और उद्घाटन कर दिया गया। जिससे यह लगता कि इस योजना में गड़बड़झाला है। मेदिनीनगर शहर की सबसे बड़ी समस्या जल संकट है। इस समस्या के समाधान के लिए पांच साल में मेयर अरुणा शंकर ने कुछ नहीं किया है।

सोमवार को झामुमो नेता दीपक तिवारी ने कहा कि मेयर अरुणा शंकर ने कोयल रिवर फ्रंट का उद्घाटन करा अपनी विफलताओं को छुपाने का प्रयास किया गया है। कोयल रिवर फ्रंट के उद्घाटन के नाम पर खर्च हुई राशि की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में कहीं भी कोई खेल का मैदान नहीं है, जिससे यहां के खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा निखारने के अवसर नहीं मिल पाता।


ग्रामीणों संग विरोध करते दीपक तिवारी। ● द फोटोन न्यूज

दीपक ने कहा कि जिस पेवर ब्लॉक का इस्तेमाल साधारणतः सड़कों के किनारे या पार्किंग निर्माण, घर या दफ्तर के बाहरी हिस्से को सुंदर बनाने के लिए किया जाता है। उस पेवर ब्लॉक से सड़कें तक बनवा दी गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पेवर ब्लॉक निमार्ता कंपनी और निगम के बीच कोई हुए करार में पारदर्शिता नहीं बरती गई है। निगम अपने वार्ड के निवासियों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं करा सका। उन्होंने कोयल रिवर फ्रंट के कार्यो में कोयल का बालू इस्तेमाल कर दूसरे आपूर्तिकर्ता के नाम का चालान जमा कर बिल निकाल लेने का भी आरोप लगाया है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरियाणा कृषि विवि के दीक्षांत समारोह में लिया हिस्सा, बोलीं

# बेटियां कृषि और संबद्ध विज्ञान सहित अनेक क्षेत्रों में बढ़ रही हैं आगे

**एजेंसी, हिसार।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को हरियाणा के हिसार जिले में स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। उन्होंने विद्यार्थियों को डिग्रियां एवं मेडल प्रदान किए। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि आज जिन विद्यार्थियों ने डिग्री और मेडल प्राप्त किए हैं, उनमें में से आधे से अधिक बेटियां हैं। यही नहीं, गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में भी 70 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हैं। यह बहुत ही संतोष का विषय है कि हमारी बेटियां कृषि और संबद्ध विज्ञान सहित अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं।


दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, राज्य कृषि मंत्री जेपी दलाल भी उपस्थित रहे। विवि के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने सभी का स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने समारोह की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की।

समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री, पुरस्कार और पदक प्रदान करने का एक अवसर ही नहीं है, बल्कि अर्जित क्षमताओं के माध्यम से नई चुनौतियों को स्वीकार करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए संकल्प लेने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए आज का दिन उनके शैक्षिक जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है, लेकिन आज आपकी शिक्षा संपूर्ण नहीं हुई है, केवल इसका एक हिस्सा पूर्ण हुआ है। कृषि विज्ञान के एक विद्यार्थी के रूप में आपने जो भी सीखा है उसका व्यावहारिक उपयोग करने का अवसर अब आपके सामने होगा। अब आप अन्नदाता, किसान भाई-बहनों के साथ मिलकर कृषि के विकास में अपना योगदान देंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि वे जीवनपर्यंत जिज्ञासु बने रहें, सीखते रहें और विनम्रता के साथ कृषि जगत की सेवा करते रहें।

राष्ट्रपति ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और क्षमताओं के विस्तार के लिए दुनिया भर के नवीनतम नवाचारों से अवगत रहना होगा और उनका यह प्रयास देश को वैभवशाली राष्ट्र बनाने में सार्थक होगा। उन्होंने कहा कि बढ़ी जनसंख्या के बावजूद, आज भारत खाद्यान्न संकटग्रस्त देश से खाद्यान्न निर्यातक देश बन गया है। इसमें हमारे नीति-निमार्ताओं, कृषि-वैज्ञानिकों और किसान भाइयों-बहनों का महत्वपूर्ण योगदान है। इसके साथ ही आज कृषि के समक्ष बढ़ती जनसंख्या, सिकुड़ती कृषि भूमि, गिरते भूजल-स्तर, मिट्टी की घटती उर्वरता, जलवायु परिवर्तन जैसी अनेक चिंताएं उपस्थित हैं जिनका समाधान खोजना आप जैसे कृषि पेशेवरों का दायित्व है। आपको ऐसे प्रयास करने होंगे, जिससे हमारी विशाल जनसंख्या को, पर्यावरण और जैव-विविधता को कम से कम नुकसान पहुंचाते हुए, पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराया जा सके।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हिसार का हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अपने स्थापना के समय से ही कृषि शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। हरित क्रांति और श्वेत क्रांति की सफलता में भी एचएयू ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

## ब्रीफ न्यूज

### दो सौ बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता सुनेंगे प्रधानमंत्री के मन की बात

**खूंटी :** भाजपा ने 30 अप्रैल को होने वाले प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 100वां एपिसोड को यादगार बनाने के लिए मंथन किया। भाजपा ने खूंटी जिले के अधिक से अधिक बूथों पर एक सौ-एक सौ दर्शकों के साथ मन की बात सुनने की योजना बनाई है। सोमवार को जिला कार्यालय पर हुई बैठक में 30 अप्रैल के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने की। बैठक में भाजपा के जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्र नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड बहुत खास है। इसलिए जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों खूंटी और तोरपा में करीब दो सौ स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम जनता के साथ सुनने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और बूथ स्तर के सभी कार्यकताओं कार्यक्रम को सफल बनाने में लगने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष कार्यक्रम के लिए जगह सुनिश्चित कर सूची बनाकर प्रभारी को जल्द से जल्द उपलब्ध कराएं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री बिनोद नाग ने और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, जिला महामंत्री शशांक शेखर राय, नगर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन पाहन, मीडिया प्रभारी अनूप साहू, मंडल अध्यक्ष सुरेश जयसवाल, मदन गोप और सीताराम आदि उपस्थित थे।

### प्रतिनियुक्ति पर भेजने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को लिखा पत्र

**रांची :** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) में एसपी रैंक के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने के लिए गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को पत्र लिखा है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के अवर सचिव संजीव कुमार की ओर से लिखे पत्र में एनसीएसटी में एसपी के पद के लिए इच्छुक और योग्य आईपीएस अधिकारियों के नामांकन मांगे गए हैं। राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है कि उपरोक्त पद और विषय के लिए उनकी उपयुक्तता का आकलन करने के लिए इच्छुक और पात्र आईपीएस अधिकारियों के नाम जल्द से जल्द मंत्रालय को भेजें।

### केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा सिक्किम दौरे पर

**गंगटोक :** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा सोमवार शाम दो दिवसीय दौरे पर सिक्किम पहुंचे हैं। वह यहां केंद्र और राज्य सरकारों के कार्यक्रमों और नीतियों की समीक्षा करेंगे। पाकिम के जिलाधिकारी टाशी छोपेल लेप्चा, एएसपी रिंजिंग सी. राई, रम्फू के एसडीपीओ एलबी छेत्री, राज्य गृह विभाग के उप सचिव प्रणीत प्रधान तथा अन्य विभागों के अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री मिश्रा का सिक्किम-पश्चिम बंगाल की सीमा शहर रंगपो के पर्यटक केंद्र में स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री अपनी यात्रा के दौरान सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, अन्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, केंद्र और राज्य सरकारों के कार्यक्रमों और नीतियों की समीक्षा करेंगे। केंद्रीय मंत्री दक्षिण सिक्किम के नाम्ची भी जाएंगे। केंद्रीय मंत्री के साथ उनके प्रधान स्टाफ ऑफिसर योगेश शर्मा और उनके पीए लव कुमार सिंह भी आए हैं।

### पंचायती व्यवस्था को कमजोर कर रही है मोदी सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने मोदी सरकार पर पंचायती व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि मोदी सरकार लगातार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर कर रही है। कई भाजपा शासित राज्यों में तो पंचायत चुनाव भी देरी से कराए जा रहे हैं। रमेश ने कहा कि कर्नाटका, मध्यप्रदेश सहित हरियाणा में पंचायत चुनाव समय पर नहीं कराए गए। इस मामले को लेकर कोर्ट ने इन राज्य सरकारों पर सवाल भी उठाए थे। रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से पंचायत को मजबूत करने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 30 वर्ष पहले 73वां संविधान संशोधन अधिनियम लागू करवाया था। इस संविधान संशोधन के तहत कांग्रेस पार्टी ने पंचायतों को मजबूत किया और पहली बार 2010 में 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती दिवस के रूप में मनाया गया था। तभी से हर साल ये दिन 'पंचायती राज दिवस' के रूप में मनाया जाने लगा। लेकिन आज भाजपा इसका श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं।

### नीतीश-ममता मुलाकात पर भाजपा बोली: बन रहा भ्रष्टाचारियों का गठबंधन

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल राज्य सचिवालय नवान्न में सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुलाकात पर भाजपा ने तंज कसा है। वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने तीनों की मुलाकात के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले भ्रष्टाचारियों का नया गठबंधन बन रहा है। दरअसल इस बात के दावे किए जा रहे हैं कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में गैर भाजपा और गैर कांग्रेसी दल थर्ड फ्रंट के गठन की कवायद में जुटे हुए हैं। इसी पर तंज कसते हुए शुभेंदु ने कहा कि करप्शन यूनाइटेड फ्रंट बन रहा है। नीतीश और ममता मुलाकात पर तंज कसते हुए शुभेंदु ने कहा कि यह देश के लिए बहुत ही अशुभ घड़ी है क्योंकि भ्रष्टाचारियों का अपना एक गठबंधन बन रहा है। इसकी अध्यक्ष ममता बनर्जी और संयोजक अरविंद केजरीवाल हैं। यह गठबंधन आधे-अधूरे मन से किया गया गठबंधन है। इसकी कोई दशा-दिशा नहीं है। इसका आम लोगों से भी कोई संबंध नहीं रहेगा। शुभेंदु ने कहा कि जब लोकसभा चुनाव आता है तो ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री उम्मीदवार के तौर पर पेश किया जाता है। वह खुद भी प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रही हैं। हकीकत यह है कि उन्होंने अपने शासन के दौरान पूरे पश्चिम बंगाल को बर्बाद कर दिया है और अब देश को बर्बाद करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि इसके पहले के चुनाव में भी कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में ममता ने अखिलेश यादव, स्टालिन से लेकर सभी बड़े नेताओं को एकत्रित किया था। उस समय नीतीश कुमार एनडीए में थे। उस महागठबंधन का परिणाम लोगों ने देख लिया है और अब इस गठबंधन का भविष्य भी साफ दिख रहा है। उन्होंने दावा किया कि इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 400 से अधिक सीटें जीतेगी। इसके साथ ही ईद के दिन कोलकाता के रेड रोड पर नमाज में शामिल हुई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राजनीतिक भाषण के खिलाफ उन्होंने आगामी 29 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी शांतिपूर्वक तरीके से विरोध प्रदर्शन करेगी। अगर पुलिस अनुमति नहीं देगी तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा।

### केरल में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधरेगा तो यहां रोजगार के नए मौके बनेंगे : पीएम मोदी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केरल में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधरेगा तो यहां रोजगार के नए मौके बनेंगे। यहां नई इंडस्ट्रीज आएंगी और टूरिज्म बढ़ेगा। केरल के युवा जानते हैं कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का किसी भी राज्य के विकास में कितना योगदान होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को केरल के कोच्चि के सैक्रेड हार्ट कॉलेज ग्राउंड में आयोजित ह्ययुवम 2023ह्न कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए केरल के लोगों की जमकर तारीफ की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई मिशन वाइब्रेंट तब बनता है जब उसके पीछे वाइब्रेंट यूथ की एनर्जी लगती है और जब बात केरल की होती है तो इतना भव्य और सुंदर है कि यहां आकर ऊर्जा और बढ़ जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब भारत की परंपराओं और ज्ञान के पुनरुदय की जरूरत पड़ी तो केरल से आदि शंकराचार्य निकले। जब विकृतियों के खिलाफ समाज को जागरूक करने की जरूरत हुई तो केरल से नारायण गुरु जैसे सुधारक आए।

द फोटोन न्यूज
03 द फोटोन न्यूज www.thephotonnews.com
मंगलवार, 25 अप्रैल 2023


# राजधानी रांची में तेज हवा के साथ हुई बारिश

## 25 और 26 अप्रैल को भी बारिश के आसार, आने वाले कुछ दिनों में कई हिस्सों में होगी बारिश

- रांची के तापमान में 10 डिग्री तक गिरावट दर्ज
- रांची का अधिकतम तापमान सामान्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस कम
- 28 अप्रैल तक बादल छाए रहने की संभावना

**विशेष संवाददाता, रांची।**

पिछले कुछ दिनों से राजधानी रांची समेत राज्यभर में मौसम का मिजाज बदला नजर आ रहा है. कुछ हिस्सों में मध्यम दर्जे की बारिश भी हुई जिससे मौसम बिलकुल सुहाना हो गया है. इससे मौसम के तापमान मे भारी गिरावट दर्ज की गई है. बता दें, अभी राज्य का तापमान 10 डिग्री तक गिर गया है. राज्य के कई हिस्सों में हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से बड़ी राहत दी है। बारिश से राजधानी रांची का तापमान चार दिनों में ही 10 डिग्री तक गिर गया है. 20 अप्रैल को राजधानी का अधिकतम तापमान 40 डिग्री को भी पार कर गया था. लेकिन बारिश होने के बाद रविवार (23 अप्रैल) को रांची का अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के सभी जिलों का अधिकतम तापमान 35 डिग्री से नीचे ही चल रहा है. यह तापमान सामान्य से करीब 6 डिग्री सेल्सियस कम है. जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री के आसपास रिकॉर्ड किया गया है.

इन जिलों में होगी बारिश

मौसम विभाग ने मौसम को लेकर येलो अलर्ट जारी करते हुए बताया है कि मौसम के बदलते मिजाज के बीच गुमला, लोहरदगा और राजधानी रांची के कुछ हिस्सों में अगले तीन घंटे में हल्के से मध्यम



दर्जे की मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश हो सकती है. इस दौरान जिले के कुछ स्थानों में तेज हवाएं (हवा की गति 30-40 किमी प्रति घंटे) भी देखी जा सकती है.

**29 अप्रैल तक छाए रहेंगे बादल**

मौसम विभाग के अनुसार अभी फिलहाल कुछ दिनों तक मौसम का यहीं हाल रहने वाला है. 29 अप्रैल तक पूरे राज्य में बादल छाए रहने के अनुमान लगाए जा रहे हैं. इस दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है. मौसम विभाग ने 25 और 26 अप्रैल को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ वज्रपात की संभावना जताई है. इस बीच विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है. वहीं राजधानी रांची में 29 अप्रैल तक आकाश में बादल छाए रहेंगे.

लोगों से आग्रह करते हुए मौसम विभाग ने सतर्क और सावधानी बरतने की अपील की है. जिसमें उन्होंने कहा कि मौसम के मद्देनजर सुरक्षित स्थानों में शरण लें, पेड़ों के नीचे ना जाए, बिजली के खंभों से दूरी बनाएं, किसान अपनी खेतों में ना जाए साथ ही मौसम के सामान्य होने की प्रतीक्षा करें।

झारखंड की राजधानी रांची, लौहनगरी जमशेदपुर और अन्य जिलों में बांधी-बारिश के कारण अधिकतम तापमान में कमी आई हैं। राज्य के विभिन्न जिलों का अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में वज्रपात के साथ बारिश होने की संभावना हैं। इस दौरान तेज हवा चलने और कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग की ओर से 24 और 25 अप्रैल के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि 29 अप्रैल तक राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। राज्य में पिछले 24 घंटे में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। इस दौरान सबसे अधिक 14 मिलीमीटर बारिश रांची में हुई। चाईबासा, जमशेदपुर, सिमडेगा, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह और गुमला जिले के विभिन्न इलाकों में बारिश हुई। रविवार को रांची का अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्यियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस है। इसी तरह से जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 35.1 और डालटनगंज का 35.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 33.5, चतरा का 32.9, देवघर का 35.1, गढ़वा का 35.1, गिरिडीह का 33.3 और गोड्डा का 35.2 डिग्री रहा। गुमला का 33.3, हजारीबाग का 31.3, खूंटी का 32.3, लातेहार का 32.9, लोहरदगा का 31.9, पाकुड़ का 34.3, पलामू का 34.9, रामगढ़ का 33, साहेबगंज का 32 , सिमडेगा का 31.5 और चाईबासा का 32.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूवार्नुमान में बताया गया है कि 24 अप्रैल को राज्य के कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। कहीं-कहीं गर्जर और वज्रपात के साथ तेज हवा चल सकती है। राज्य के विभिन्न जिलों में हुई बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी है। राजधानी रांची का अधिकतम तापमान चार दिनों में ही 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। रविवार को रांची का अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के सभी जिलों का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रहा है। यह सामान्य से करीब 6 डिग्री सेल्सियस कम है। न्यूनतम तापमान भी 18 डिग्री सेसि के आसपास रिकॉर्ड किया गया है।

## ब्रीफ न्यूज

### रांची से पटना के बीच वंदे भारत एक्सपेस का परिचालन जल्द

**रांची :** रांची से पटना के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत जल्द ही हो जाएगी। वंदे भारत ट्रेन के परिचालन को लेकर पूर्व मध्य रेलवे की ओर से दो अलग-अलग समय सारिणी का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। जल्द ही इस पर रेलवे बोर्ड की ओर से अंतिम निर्णय ले लिए जाने की संभावना है। वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन से पटना से रांची तक के सफर में करीब 2 घंटे की बचत हो सकेगी। बताया जा रहा है कि पटना से रांची वंदे भारत ट्रेन का परिचालन हजारीबाग टाउन होकर किया जाएगा। वर्तमान में चल रही जनशताब्दी एक्सप्रेस गया से हजारीबाग रोड होते हुए बोकारो-मूरी के रास्ते रांची पहुंचती है। लेकिन अब ट्रेन टाटीसिल्वे, बड़काकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा, गया और जहानाबाद होते पटना पहुंचेगी। रांची से पटना तक के सफर में करीब 2 घंटे की कटौती होगी। यानी अब केवल छह घंटे में यात्री पटना से रांची पहुंच सकेंगे। रांची से पटना के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के परिचालन को लेकर समय-सारिणी की अभी घोषणा नहीं की गई है। लेकिन रेलवे बोर्ड को दो अलग-अलग समय सारिणी का प्रस्ताव मिला है। पहली समय सारिणी के अनुसार पटना से ट्रेन सुबह 6.35 बजे रवाना होगी और दोपहर 1.20 बजे हटिया पहुंचेगी। वहीं हटिया से ट्रेन दोपहर 2 बजे खुलेगी और रात 8.25 बजे पहुंचेगी। दूसरी समय सारिणी के तहत हटिया से यह ट्रेन सुबह 7.55 बजे रवाना होगी और दोपहर 2.20 बजे पटना पहुंचेगी।

### सीबीआई कोर्ट ने संजय तिवारी की डिस्चार्ज पिटिशन याचिका खारिज की

**रांची :** 100 करोड़ रुपए के मिड डे मील घोटाले के आरोपी संजय कुमार तिवारी की डिस्चार्ज याचिका को सीबीआई कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दिया. सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने आदेश सुनाया. कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले में 20 अप्रैल को आदेश सुरक्षित रख लिया था। बता दें कि सीबीआई ने मिड डे मील घोटाले को लेकर अगस्त 2017 में संजय तिवारी एसबीआई हटिया ब्रांच के मैनेजर अजय उरांव सहित तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तफ्तीश प्रारंभ की थी. मामले में चार्जशीट दाखिल होने के बाद आरोपियों को पुलिस पेपर की आपूर्ति कर दी गई है. अब 25 अप्रैल को उसके खिलाफ आरोप गठन होना है. मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी संजय तिवारी आरोपी है।

### सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू की माता का निधन

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू की माता विमला देवी का सोमवार को निधन हो गया. वह काफी समय से बीमार चल रही थीं. दोपहर बाद उनकी अंतिम यात्रा पैतृक निवास शिवपुरी से निकाली गयी. शाम 4 बजे बाद हरमू मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अंतिम यात्रा में शामिल हुए. मुक्तिधाम पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की. हरमू मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार के समय सीएम हेमंत सोरेन समेत कई नेता और अधिकारी मौजूद रहे. अभिषेक प्रसाद पिंटू की माता विमला देवी के निधन पर कई नेताओं, परिजनों समेत गणमान्य लोगों ने शोक जताया है. इससे पहले हेमंत सोरेन ने ट्वीट किया, झामुमो नेता अभिषेक प्रसाद की माताजी आदरणीय विमला देवी जी का निधन अत्यंत पीड़ादायक है. परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।


atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24, Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776


## टाटीसिलवे डकैती कांड का खुलासा

### 24 लाख रुपये नकद व जेवर समेत 10 अपराधी गिरफ्तार, रेंजर के पूर्व चालक ने बनाई थी योजना

**विशेष संवाददाता, रांची।**



रांची पुलिस ने टाटीसिलवे के आनंदनगर में पूर्व रेंजर रूद्र नारायण के घर हुए डकैती कांड का खुलासा कर 10 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. अपराधियों के पास से 24 लाख 57 हजार 500 रुपये नगद, जेवर, चार पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, एक महंगी कार बरामद किया है गिरफ्त में आने वाले अपराधियों में हजारीबाग के सतीष कुमार पास, निशांत कुमार, हरिओम कुमार, गया निवासी सुरेंद्र चौधरी, अजीत कुमार उर्फ बिट्टू, मो शहनवाज आलम, राहुल शर्मा, रांची के टाटिसिलवे निवासी विकास कुमार उर्फ गुड्डू, कविंद्र प्रसाद और नालंदा के मनिंद्र कुमार शामिल है. इसका खुलासा रविवार को एसएसपी किशोर कौशल ने किया. तकनीकी सेल ने जब तफ्तीश शुरू की तो सबसे पहले पुलिस की टीम ने हजारीबाग से अजित को गिरफ्तार किया. उससे जब पूछताछ शुरू की गई तो सारा भेद खुल गया. इसके बाद पांच अपराधियों को हजारीबाग से, चार अपराधियों को गया से जबकि एक अपराधी को टाटिसिलवे से गिरफ्तार किया गया. पुलिस के अनुसार गिरफ्त में आया विकास कुमार उर्फ गुड्डू पहले पूर्व रेंजर के घर ड्राइवर की नौकरी करता था. सात-आठ माह पहले ही नौकरी छोड़ दिया और अपने बदले एक परिचित को रखवा दिया. विकास ही डकैती का भेदिया बना. उसने अपने परिचित अजित कुमार उर्फ बिट्टू से संपर्क किया. इसके बाद अजित कुमार बिट्टू ने गैंग बनाकर पांच अप्रैल की रात पूर्व रेंजर के घर धावा बोला. रुपये व गहने लूट ले गए. अजित डकैती करने अपनी कार से ही टाटिसिलवे आया था. बाद में सभी उसी कार में बैठक कर धुर्वा के होटवासी स्थित अजित कुमार उर्फ बिट्टू के मकान में पहुंचा जहां सभी अपराधी पैसे व जेवर का बंटबारा किया

## प्रोन्नति समेत अन्य मांगों को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जल्द मिलेगा राज्यपाल से

**विशेष संवाददाता, रांची।**

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की प्रांतीय बैठक रांची विवि के एचआरडीसी सभागार में हुई. इसकी अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने की. मौके पर सभी विश्वविद्यालयों एवं 24 जिलों में संगठन को प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई. विश्वविद्यालय एवं प्रमंडलीय स्तरीय बैठकों की तिथि तय की गई. बैठक में महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर ने कहा कि शिक्षा में संस्कार एवं नैतिक मूल्यों का समावेश लाने के लिए संगठन सक्रिय योगदान दे रहा है. संगठन शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के साथ शैक्षिक परिसरों में अच्छे वातावरण का निर्माण करने में अहम भूमिका निभा रहा है. शिक्षक अध्ययन-अध्यापन के साथ समाज में अच्छे विचारों के



लिए आगे आकर उनका नेतृत्व करें. बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि मई के प्रथम सप्ताह में राज्यपाल से मिलकर शिक्षक प्रोन्नति सहित अन्य मुद्दों के समाधान का आग्रह किया जाएगा। मौके पर डॉ सुदेश कुमार साहू, डॉ प्रीतम कुमार, डॉ स्मृति सिंह, डॉ ज्योति प्रकाश, डॉ अभय कृष्ण सिंह, डॉ अंजनी शर्मा, डॉ उमेश सहाय, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ करुणा पंजियारा, डॉ सविता मिश्रा, डॉ राजीव रंजन, डॉ शशि शेखर दास, डॉ विजय प्रकाश, डॉ रितेश कुमार महतो, समीर चौधरी, रूपेश कुमार, बैजयंति उरांव, दुलाल चंद्र महतो, महेश कुमार सोरेन, विजय बैठा आदि ने विचार रखें. बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ ब्रजेश कुमार और धन्यवाद महिला संवर्ग प्रमुख डॉ सुनीता कुमारी गुप्ता ने किया.

**बैठक में जो निर्णय लिए गए**

-झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों एवं 24 जिलों में संगठन को प्रभावी बनाया जाएगा. इसके लिए प्रयास की योजना बनाई गई.

- प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की प्रांतीय बैठक रांची में 27 मई 2023 को की जाएगी.
- उच्च शिक्षा संवर्ग के प्राध्यापकों की प्रांतीय बैठक रांची में 28 मई, 2023 को होगी.
- मई के प्रथम सप्ताह में राज्यपाल से मिलकर शिक्षक प्रोन्नति सहित अन्य मुद्दों के समाधान का आग्रह किया जाएगा.
- शिक्षकों की प्रोन्नति में विश्वविद्यालय और जेपीएससी की कई विसंगतियों पर चर्चा करते हुए इसके समाधान का प्रयास किया जाएगा.
- सभी शिक्षकों (प्राथमिक एवं माध्यमिक) का गैर योजना मद से वेतन भुगतान के लिए शिक्षा सचिव से मिलकर मांग की जाएगी.
- प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को अपने गृह जिले में पदस्थापित करने के लिए विभागीय स्तर पर मांग की जाएगी.
- सभी प्रकार के शिक्षकों को समुचित चिकित्सा सुविधा के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा कार्ड जारी करने के लिए राज्य सरकार से बात की जाएगी.
- प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को गैर शैक्षणिक का से मुक्त करने के लिए राज्य सरकार से मांग की जाएगी।

## पंचायती राज दिवस : उठी झारखंड में ग्राम सभा से पहले महिला सभा के आयोजन की मांग




**रांची :** पंचायती राज दिवस के मौके पर प्रेस क्लब में सोमवार को महिला सलामती पंचायत अभियान, झारखंड के जरिये महिला सभा के आयोजन पर जोर दिया गया. अभियान के सुधीर पाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 73वें संविधान संशोधन ने स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था में महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व का मौका उपलब्ध कराया है. 73वें संशोधन के 30 सालों बाद भी ग्राम सभाओं की बैठकों में महिलाओं की भागीदारी सहज नहीं हो पायी है. ऐसे में महिलाओं की जिंदगी को सीधे प्रभावित करने वाले मुद्दों पर स्वाभाविक चर्चा का माहौल नहीं है. उनकी राय, विचार के प्रति समझ विकसित नहीं हो पायी है. इसी पृष्ठभूमि में महिला सलामती अभियान की शुरूआत की गयी है. अनुभव और अध्ययन बताते हैं कि ग्राम सभा से पहले महिला सभा होने से महिलाओं के सवाल पंचायतों के एजेंडे में प्रमुखता से आते हैं. झारखंड में भी ग्राम सभा से पहले ग्राम सभा को अनिवार्य किया जाना चाहिये।

## अनुसमर्थन दल ने की मनरेगा योजनाओं की समीक्षा, योजनाओं की गुणवत्ता और भौतिक जांच करने का निर्देश

**विशेष संवाददाता, रांची।**

राज्य ग्रामीण विकास अनुसमर्थन मिशन- 2023 के दल संख्या-10 के तीन पदाधिकारियों- जितेंद्र कुमार देव, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, मुकेश कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग और कुमार सौरभ, मीडिया-सह-प्रशिक्षण पदाधिकारी, मनरेगा द्वारा आज सोमवार को जिला परिषद सभागार में लोहरदगा जिला में कार्यान्वित योजनाओं समीक्षात्मक एवं परिचयात्मक बैठक की गई. बैठक में अनुसमर्थन दल के पदाधिकारी जितेंद्र कुमार देव द्वारा अनुसमर्थन दल का जिला में आगमन का प्रयोजन बताया और सभी योजनाओं की गुणवत्ता जांच एवं भौतिक सत्यापन करने की बात कही.



निरीक्षण के दौरान योजनाओं में पायी जाने वाली त्रुटियों के निराकरण की जानकारी भी दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए आवास योजना की प्रथम एवं तीसरी किस्त के अंतर को कम किये जाने और प्रखण्डवार अपूर्ण आवासों को पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रखण्डों में संचालित योजनाओं की प्रखण्डवार समीक्षा की जाएगी। साथ ही निदेश दिया गया कि प्रखण्डों/पंचायतों में जो भी समस्याएं हैं उनसे पदाधिकारी अवश्य अवगत कराएंगे. बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस० द्वारा अनुसमर्थन दल को जिला का पूर्ण सहयोग करने की बात कही. ज्ञातव्य हो कि उक्त दल लोहरदगा जिला में दिनांक 27.04.2023 तक भ्रमण पर रहेगा। आज की बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए, एसएजीवाई के नोडल पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला एवं प्रखण्ड समन्वयक, पीएमएवाई के प्रशिक्षण समन्वयक, डब्ल्यूसीडीसी के तकनीकी विशेषज्ञ, जिला समन्वयक एनआरएम/ सीएफपी, जीआईएस कोर्डिनेटर एनआरएम सीएफपी, सभी बीपीओ मनरेगा, सभी बीपीएम और प्रखण्ड समन्वयक जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### वीएचपी के पदाधिकारियों के खिलाफ आवेदन देने गये थे तो उन्हें पकड़ कर बंद कर दिया गया

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की पहल पर शास्त्रीनगर उपद्रव की जांच करेंगे कोल्हान के डीआईजी

**विशेष संवाददाता, रांची/जमशेदपुर।**

सोमवार को पूर्व सीएम औपर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने शास्त्रीनगर (जमशेदपुर) उपद्रव के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में भेजे गये भाजपाई नेताओं से केंद्रीय कारा, घाघीडीह में मुलाकात की. जानना चाहा कि आखिर उन्हें किस परिस्थिति में यहां लाया गया है. इसके बाद मीडिया को जानकारी देते उन्होंने बताया कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह से टेलीफोन पर बातचीत की है. उनसे कहा कि शास्त्रीनगर उपद्रव के मामले में कई निर्दोष व्यक्तियों को नामदर्ज आरोपी बनाया गया है. ऐसे



पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पार्टी के नेताओं के साथ • द फोटोन न्यूज

में एसएसपी से इस मामले की जांच कराकर निर्दोष लोगों का नाम हटाया जाये. उनके आग्रह को मानते हुए डीजीपी ने कोल्हान के डीआईजी से मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। डीजीपी से मिले सकारात्मक आश्वासन पर उम्मीद जताते हुए रघुवर दास ने कहा कि डीआईजी अपने पर्यवेक्षण प्रतिवेदन में निदोर्षों को आरोप मुक्त करेंगे. मौके पर उनके साथ केंद्रीय कारा पहुंचने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक मेनका सरदार, महानगर भाजपा अध्यक्ष गुंजन यादव, महामंत्री राकेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी सहित अन्य भी शामिल थे. रघुवर दास के मुताबिक जेल में पार्टी नेताओं से मिलने के क्रम में कई लोगों ने बताया कि उन्हें जय श्री राम का नारा लगाने पर पकड़ा गया. विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि उपद्रव के खिलाफ अधिकारी को ज्ञापन देने गये थे तो उन्हें ही पकड़ कर बंद कर दिया गया. कई लोग तो ऐसे मिले जिन्होंने कहा कि उन्हें किस जुर्म में पकड़ा गया है, उन्हें पता ही नहीं है.श्री दास ने शास्त्रीनगर उपद्रव को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि अगर जिला प्रशासन चाहता तो यह घटना चिंगारी से आग नहीं बनती। सीएम हेमंत सोरेन साम्प्रदायिकता के जिस रथ पर सवार होकर तुष्टीकरण की मंजिल तक पहुंचना चाहते हैं, उसमें ऐसी घटनाएं होंगी ही. सत्ता के नशे में इन्हें पता ही नहीं कि ये क्या कर रहे हैं. शास्त्रीनगर उपद्रव सुनियोजित साजिश का परिणाम है. इसके लिए पहले एक धार्मिक झंडे में प्रतिबंधित मांस बांधे गये. इस हरकत से ध्वजपुजकों ने आनन-फानन में बैठक बुलायी. उधर कांग्रेस और झामुमो के लोगों की इफ्तार पार्टी गणेश पूजा मैदान कदमा में चल रही थी. इस पार्टी के लिए प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गयी थी. इस पार्टी में शामिल लोगों को जब ध्वजपुजकों के बैठक की जानकारी मिली तो वे वहां दल बल के साथ पहुंच गये।

## पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 18 मई को




**विशेष संवाददाता, रांची।**

मनी लाउंड्रिंग के मामले में निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को आंशिक सुनवाई हुई. न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई. वहीं प्रार्थी की ओर से भी कोर्ट से ईडी के जवाब के आलोक में अपना प्रत्युत्तर देने के लिए समय की मांग की गयी है. कोर्ट ने दोनों पक्षों के आग्रह को देखते हुए मामले की अगली सुनवाई 18 मई निर्धारित की है. 5 नवंबर 2022 को ईडी की विशेष अदालत में अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था. जिसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका की गुहार लगायी गयी है. अभिषेक झा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईसीआईआर 3/2018 दर्ज है। उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लॉउंड्रिंग मामले में निलंबित आइएएस पूजा सिंघल उनके पति अभिषेक झा और सीए सुमन कुमार सिंह समेत सात लोगों को आरोपी बनाया गया है।

उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

# अधिकारियों को दिये कई आवश्यक निर्देश

**संवाददाता, रामगढ़।**

अवैध खनन के विरुद्ध हो रहे कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनक टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे ने खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने वैसी एजेंसिया जिनके द्वारा नियमित रूप से खनन संबंधित प्रतिवेदन नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है उनके महाप्रबंधकों सहित अन्य अधिकारियों को ससमय प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अवैध मुहानों से हो रहे खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न एजेंसियों के महाप्रबंधकों एवं जिला खनन पदाधिकारी को इस पर विशेष ध्यान देते हुए मुहानों को बंद करने का कार्य सही तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर आवश्यक जांच अभियान चलाने एवं अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु की गई कार्रवाई एवं प्राथमिकी दर्ज संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।


बैठक करती उपायुक्त माधवी मिश्रा व उपस्थित अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे ने सभी थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्रों में सजग रहकर साइकिल से हो रहे कोयले के अवैध परिवहन पर विशेष ध्यान देने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक में अवैध रूप से हो रहे हैं बालू के परिवहन पर रोक लगाने हेतु की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को योजनाबद्ध तरीके से इस संबंध में कार्य करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा अधिकारियों एवं विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ अवैध मुहानों से हो रहे खनन पर रोक लगाने हेतु किए जा रहे डोजरिंग को और भी प्रभावी बनाने के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए वही उन्होंने ड्रोन बेस्ड सर्वे, वन चालान सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा की।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने बड़का सयाल एवं अरगड्डा क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ हजारीबाग मार्ग पर पड़ने वाले पल पर सुरक्षा दृष्टिकोण से अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसी के महाप्रबंधकों/प्रतिनिधियों को स्थल निरीक्षण करने एवं वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से संचालित करने के संबंध में कार्रवाई करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, अंचल अधिकारियों, एजेंसियों के महाप्रबंधकों/प्रतिनिधियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीसी ने रजरप्पा मंदिर परिसर में किया यात्री शेड का उद्घाटन

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने माँ छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ मंदिर, रजरप्पा परिसर में माँ छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति द्वारा नवनिर्मित यात्री शेड का उद्घाटन किया। इस दौरान उपायुक्त ने माँ छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति द्वारा यात्री शेड शेड के निर्माण की सराहना करते हुए कहा कि ना केवल इससे श्रद्धालुओं को गर्मी के दौरान लाइन में खड़े रहने में सुविधा होगी बल्कि मंदिर के विकास में भी इसका अहम योगदान होगा। मौके पर उपायुक्त ने सभी श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर में साफ सफाई बनाए रखने, यत्र तत्र कूड़ा कचरा ना फेंकने एवं मंदिर में दर्शन के दौरान नियमों का पालन करने की अपील की।


यात्री शेड का उद्घाटन करती उपायुक्त। ● द फोटोन न्यूज

उद्घाटन के उपरांत उपायुक्त ने माँ छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ मंदिर परिसर रजरप्पा में आयोजित भंडारे का शुभारंभ कर श्रद्धालुओं के बीच भोग का भी वितरण किया वहीं उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, माँ छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति के सदस्यों सहित अन्य को मंदिर का सुचारू रूप से संचालन करने एवं श्रद्धालुओं को विभिन्न मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान उप विकास आयुक्त श्री नागेंद्र कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर श्री उदय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला श्री संतोष कुमार, अंचल अधिकारी चितरपुर श्रीमती तृप्ति विजय कुजुर, माँ छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति के सदस्यों, श्रद्धालुओं सहित अन्य उपस्थित थे।

# पुलिस वाहन और कंटेनर की टक्कर में पुलिसकर्मी की मौत, 12 घायल

**संवाददाता, कोडरमा।**

जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत मदनगुंडी गौरी नदी पुल के समीप कोडरमा पुलिस की एक वैन और कंटेनर वाहन में आमने-सामने की टक्कर हो गई। दुर्घटना में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गयी, जबकि झारखण्ड पुलिस के 12 पुलिस जवान घायल हुए हैं। जिनमें से छह जवानों को रेफर किया गया है।

बताया गया कि सोमवार को दिन के करीब एक बजे कोडरमा पुलिस वैन तिलैया डैम ओपी से पुलिस जवानों को लेकर चंदवारा स्थित पुलिस लाइन जा रही थी। तभी गौरी नदी पुल के समीप सामने से आ रहे एक कंटेनर वाहन ने पुलिस की गाड़ी में टक्कर मार दी। दुर्घटना में पुलिस वैन पर सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना के बाद हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस के सहयोग से सभी घायल पुलिस जवानों को पिकअप वाहन के जरिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पुलिस जवान गणेश कुमार को इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गयी।


अस्पताल में भर्ती घायल। ● द फोटोन न्यूज

घटना की जानकारी मिलने के बाद घायल पुलिस जवानों की स्थिति जानने पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर भी सदर अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने घायल जवानों की स्थिति और इलाज की जानकारी ली। दुर्घटना में घायल तेजनारायण, संजय सिंह, सुनील कुमार, संजय सिंह, चंदन कुमार व सतीश कुमार के नाम शामिल हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है। वहीं अन्य घायलों में पुलिस वैन के ड्राइवर विनोद मरांडी, चंद्रा मुंडा, राहुल सिंह, विकास चिक बडाई , राम विलास भगत एवं ट्रक ड्राइवर संजय सिंह का कोडरमा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बताया जाता है कि सभी जवान हजारीबाग के पदमा ट्रेनिंग सेंटर से ईद के दिन ड्यूटी के लिए कोडरमा पहुंचे थे। ड्यूटी के बाद सभी जवान वापस चंदवारा पुलिस लाइन आ रहे थे, तभी हादसा हो।

## चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक को सौंपा को मांग-पत्र

**संवाददाता, भुरकुंडा (रामगढ़)।**

भुरकुंडा बाजार के आंतरिक हिस्सों में सुरक्षा, सुविधा एवं रख-रखाव को ले सोमवार को रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एक प्रतिनिधि मंडल ने स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। सौंपे गये मांग पत्र में कहा गया है कि भुरकुंडा बाजार के आंतरिक हिस्सों में बने पीसीसी रोड आज काफी जर्जर हो चुका है। जिसका व्यवसायिक कुप्रभाव बाजार व्यवसाय पर पड़ रहा है। बरसात के दिनों में नाली नहीं रहने के कारण अंदर जाने वाली मार्ग की स्थिति काफी नारकीय हो जाती है, जिसके कारण बाजार में खरीदारी करने जाने से क्रेता कतराते हैं।


मांग-पत्र सौंपते प्रतिनिधि मंडल। ● द फोटोन न्यूज

मांग पत्र में कहा गया है कि सीसीएल के द्वारा बनाया गया शौचालय दैनिक रख-रखाव के अभाव में ध्वस्त हो चुका। अतः उसका नवीनीकरण दैनिक रख-रखाव के साथ कराना बहुत ही आवश्यक है। सुरक्षा के मद्देनजर बाजार के आंतरिक हिस्सों में प्रकाश की काफी कमी है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसका समाधान के साथ-साथ मानवहित में एक सार्वजनिक पेयजल स्थल का होना बहुत जरूरी है। माग-पत्र सौंपने वालो में चेंबर के पूर्व सचिव विनय कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप अग्रवाल एवं अशोक कुमार शामिल थें। इसके पूर्व चैम्बर के प्रतिनिधि मंडल ने हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, रामगढ़ उपायुक्त एवं रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष को भी पत्र को प्रेषित किया है।

## डीएवी रजरप्पा के पूर्व प्राचार्य को दी गई विदाई

**संवाददाता, रजरप्पा।**

सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा के सेवानिवृत्त प्राचार्य हिमांशु कुमार झा को रविवार देर शाम ससम्मान विदाई दी गई। डीएवी विद्यालय प्राचार्य बीपी रॉय ने अवकाश प्राप्त प्राचार्य एचके झा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती झा को पुष्पगुच्छ से स्वागत किया तथा मोमेंटो देकर व शॉल ओढ़ाकर विदाई दी।

उन्होंने बताया कि डीएवी रजरप्पा में श्री झा का सेवाकाल 12 दिसंबर 2012 से 31 मार्च 2023 तक रहा. कार्यक्रम के दौरान विद्यालय शिक्षक सत्यकाम आर्य और शिक्षक समूह ने विदाई गीत गाकर पूर्व प्राचार्य के प्रति अपनी भावना व्यक्त की। इसके अलावा डॉ. आर. विश्वकर्मा, गजेंद्र कुमार तथा जूनियर विंग की प्रभारी निशारानी किंडो आदि ने उनके सम्मान में अपने भावपूर्ण उद्गार व्यक्त किए। पूर्व प्राचार्य एचके झा ने डीएवी रजरप्पा में बिताए 10 वर्षों के अनुभव को भावपूर्ण शब्दों में व्यक्त किया।



एच के झा को मोमेंटो देकर विदाई करते प्राचार्य बीपी रॉय। ● द फोटोन न्यूज

## एला एंग्लाइज विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर हुई चित्रांकन व कविता वाचन प्रतियोगिता

**संवाददाता, भुरकुंडा (रामगढ़)।**

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बिरसा चैक भुरकुंडा स्थित एला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को कक्षा छठी से अष्टम तक के छात्र-छात्राओं के बीच पर्यावरण पर आधारित चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक चित्र बनाएं।

बच्चों ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए धरती को कैसे बचाया जाए इस विषय पर बेहतरीन चित्र अपने कैनवास पर उकेरा। वहीं कक्षा दूसरे से लेकर पांचवी तक के बच्चों के बीच कविता वाचन का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक कविता वाचन का उत्कृष्ट प्रस्तुति दी।


कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी और शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● द फोटोन न्यूज

मौके पर बच्चों के प्रतिभा को सराहते हुए प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में विद्यार्थियों को अव्वल के लिए विद्यालय परिवार कटिबद्ध है।

मनरेगा कार्य मे बरती जा रही है अनियमितता और लापरवाही

# तीन वर्ष पूर्व ही लाभुक ने खोद दिया कूप, अब तक नही हो सका भुगतान

**संवाददाता, रामगढ़।**

दुलमी प्रखंड के सोसो पंचायत के उकरीद सिदवारडीह निवासी छटू महतो को 2019-20 मनरेगा से कुआं का निर्माण कार्य का स्वकृति हुई थी जिसका खुदाई कार्य पुर्ण हो चुका है लेकिन 3 साल बीत जाने के बाद भी मैटेरियल का पैसा नहीं मिलने के कारण कुआं अधूरा पड़ा हुआ है।

लाभूक छटू महतो ने बताया कि मास्टर रुल के माध्यम से लगभग डेढ़ लाख पेमेंट हुआं है। उसके बाद सरकारी कर्मचारियों को लापरवाही के करण अधुरा पड़ा हुआ है। लाभूक शिकायत के बाद दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश कुआं का निरीक्षण करने पहुंचे।


मनरेगा के तहत तीन वर्ष पूर्व खोदा गया कूप। ● द फोटोन न्यूज

बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार आम लोगो को सिंचाई हेतु लाभ दिलाने के योजनाएं लाती है लेकिन सरकार पंचायत के कर्मियों के दौरान लापरवाही बरतने के कारण आम लोगो को लाभ नहीं मिल पाता है। जिसका उदाहरण सामने है। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि कुआं का खुदाई कार्य तीन साल पहले पुर्ण हो चुका है लेकिन अभी तक अघूरा है। प्रखंड क्षेत्र ओर ऐसे कई कुआं है जो अर्धनिर्मित पड़ा हुआ है।

साथ ही की पिछ्ले दिनों भी पोटमदगा पंचायत में कुआं निर्माण में गड़बड़ी पाई गई थीं। इन मामलों को लेकर जल्द ही रामगढ़ उपायुक्त से मिलकर शिकायत करेंगे।

## रांची में निकाला गया आक्रोश मार्च, भगत सिंह की प्रतिमा को स्थापित करने की मांग


आक्रोश मार्च में शामिल युवा। ● द फोटोन न्यूज

**संवाददाता, रांची।**

मोराबादी स्थित भगत सिंह की प्रतिमा को जिला प्रशासन द्वारा हटाए जाने के विरोध में पिस्का मोड़ और ओटीसी मैदान में आक्रोश मार्च निकाला गया। आक्रोश मार्च निकालकर भगत सिंह की प्रतिमा को सम्मान पूर्वक स्थापित करने के लिए युवाओं ने जमकर प्रदर्शन किया। युवाओं का कहना है कि जब तक भगत सिंह की प्रतिमा को स्थापित नहीं कर दिया जाता तब तक वह आक्रोश मार्च निकालकर प्रदर्शन करते रहेंगे।

आक्रोश मार्च का नेतृत्व भवानी सेना अध्यक्ष रवि राजपूत, भवानी सेना पिस्का मोर मंडल प्रमुख उद्देश्य चौधरी, मोहित सिंह और सेजल तिवारी कर रहे थे। इस आक्रोश मार्च में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने भाग लिया। आपको बता दें रांची में पिछ्ले कुछ दिनों से भगत सिंह की प्रतिमा को जिला प्रशासन द्वारा हटाए जाने के विरोध में लोगों में लगातार आक्रोश दिख रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं, जल्द निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### ट्रेन की चपेट में आईं मां-बेटी, बच्ची की मौत व मां गंभीर

**लोहरदगा :** जिले के लोहरदगा रेलवे स्टेशन से थोड़ी दूर हिंडाल्को साइडिंग पुल के पास दोपहर लगभग ढाई बजे चोपन रांची ट्रेन की चपेट में मां-बेटी आ गई। इस हादसे में आठ साल की बच्ची की मौत हो गई वहीं उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई है। इस घटना के बाद रेलवे पुलिस ने महिला को सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया है। महिला और बच्ची की पहचान नहीं हो पायी है। रेलवे पुलिस मामले की शिनाख्त की कोशिश कर रही है।

### नगर परिषद क्षेत्र के बरकाकाना में बनने वाले मार्केट का हुआ शिलान्यास

**रामगढ़ :** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 23 बरकाकाना में प्राक्कलित राशि 41 लाख 18 हजार से बनने वाले मार्केट का शिलान्यास संयुक्त रूप से बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए मनोज कुमार महतो ने बताया कि लोगों की मांग के अनुरूप बरकाकाना में मार्केट बनने जा रहा है। जिससे लोगों को किसी तरह की परेशानी नही होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता से जो वादा किया गया था उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास कर रहे है। मौके पर वार्ड पार्षद विनोद तिवारी, आजसू जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा हरीरत्नम साहू, आजसू नगर परिषद कार्यकारी अध्यक्ष हरेश राय, प्रदीप ठाकुर, अकील अख्तर, नसरुद्दीन अंसारी, संजय लाला, बंधन महतो, संजय महतो, गिरीशंकर महतो, मनोज यादव, मोबिन खान, मो० लतीफ, मो० तासिम, सौरभ, जितेंद्र कुमार, निजाम खां, अमीर आदि उपस्थित थे।

### पत्नी के बात न करने पर युवक ने वीडियो कॉलिंग के दौरान की खुदकुशी

**गिरिडीह :** जिले के गावां थाना क्षेत्र के रहने वाले मो. शमशाद उर्फ सेमी (24) ने बेंगलुरु में वीडियो कॉलिंग के दौरान फांसी का फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। युवक के आत्महत्या करने के पीछे पत्नी से विवाद बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक गावां के मो. कमरुद्दीन का बेटा मो शमशाद बंगलुरु के एक होटल में काम करता था। बताया गया कि सोमवार की सुबह वह अपनी पत्नी से मोबाइल फोन पर बातचीत कर रहा था। इसी बीच पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में पत्नी ने मोबाइल फोन का स्विच ऑफ कर दिया। युवक ने अपनी भाभी के मोबाइल फोन पर कॉल कर पत्नी से बातचीत कराने को कहा लेकिन पत्नी बातचीत करने के लिए राजी नहीं हुई। गुस्से में आकर युवक ने वीडियो कॉलिंग के दौरान ही फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली।

### भट्ठा व्यवसायी मिथलेश की गोली मारकर हत्या, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**मेदिनीनगर :** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र स्थित सिलदाग स्कूल के पास रविवार की रात बदमाशों ने भट्ठा व्यवसायी मिथलेश यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। सोमवार सुबह घटना की जानकारी होने पर आक्रोशित ग्रामीणों राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार आक्रोशित ग्रामीणों को समझने को कोशिश की। घटना के संबंध में थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि जांच में पता चला है कि आपसी रंजिश में मिथिलेश यादव की हत्या हुई है। मिथिलेश यादव छतरपुर थाना क्षेत्र के डाली के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ पार्टनरशिप में कारोबार करता था। उन्होंने बताया कि परिजनों के अनुसार पैसे के लेनदेन को लेकर पार्टनर के बेटे के साथ मिथिलेश यादव का विवाद चल रहा था। उन्होंने बताया कि हत्या का कारण और भी कुछ हो सकता है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### राजेश दुबे का कविता संग्रह बूढ़ा पीपल का लोकार्पण सह कृति चर्चा समारोह संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** रामगढ़ थाना चैक स्थित होटल शिवम इन में रविवार को राजेश दुबे का कविता संग्रह बूढ़ा पीपल का लोकार्पण सह कृति चर्चा समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और मां शारदे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद वीर कुंवर सिंह के जयंती के मौके पर उनके चित्र पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया। तत्पश्चात सभागार ने सभी अतिथियों ने बूढ़ा पीपल किताब का लोकार्पण किया। मौके पर डॉ नीलोत्पल रमेश ने काव्य संग्रह के विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि बूढ़ा पीपल काव्य संग्रह मानवीय जीवन के सभी पहलुओं पर अपनी बात कहती है। कथाकार रतन वर्मा ने कहा कि जहां आज हम बड़ी तेजी से शहरीकरण को आत्मसात कर रहें हैं। ऐसे में श्री दुबे ने अपनी काव्य संग्रह में ग्रामीण भाषाशैली, मुहावरा का बहुत उम्दा प्रयोग किया है। यह कवि को उनके गांव से जोड़ता है। मुख्यातिथि डॉ शंभु बादल ने कहा कि यह काव्य संग्रह मानवीय संवेदनाओं का दस्तावेज है। जो मानवीय जीवन के विभिन्न पहलुओं को बखूबी चित्रण करता है। कृति चर्चा पर डॉ शारदा प्रसाद, प्रो गजेंद्र सिंह, हरेंद्र कुमार ने भी अपनी बातें बखूबी रखी। आयोजन में शामिल नही होने के कारण गुरुदत्त पांडेय और डॉ सुशील स्वतंत्र ने भी शुभसंदेश भेजा। मौके पर रश्मि शर्मा, डॉ रजनी गुप्ता, डॉ विनीता परमार, प्रवीण परिमल, ज्योति रीता, राजकुमार गीत, संजय राठौर, राकेश नाजुक, राकेश कुशवाहा आदि ने बूढ़ा पीपल काव्य संग्रह की कविताओं का पाठ किया।

### बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में मना राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस, स्वच्छता व जल संरक्षण का लिया गया शपथ

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने की। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने उपस्थित ग्रामीणों को पंचायती राज के संदर्भ में विस्तार पूवर्क जानकारी दी। साथ ही सामूहिक रूप से स्वच्छता एवं राष्ट्रीय जल मिशन के तहत जल शपथ दिलाया गया। इस दौरान मुखिया ने ग्राम पंचायत में बेहतर कार्य करने हेतु राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा के प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, सहिया रंजू सिंह एवं ग्रामसभा के सदस्य इसरत जहां, राधा देवी व सुनीता देवी को प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, मांजी यादव, रवि कांत सिंह, भगवान दास करमाली, विकास कुमार, मिना देवी, राजो देवी, आशा देवी,अनुपमा कच्छप, सईदा खातून सहित दर्जनों ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की हुई समीक्षा

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा हुई। समीक्षा में सभी संबंधित बैंकों के बैंक प्रबंधक व समन्वयक शामिल हुए। बैठक में उप विकास आयुक्त ने बैंकवार पीएमईजीपी के निष्पादित व लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई और लंबित आवेदनों को जल्द निष्पादित करने के लिए बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया। इसके साथ ही नए वित्तीय वर्ष में आवेदन सृजन करने के लिए भी संबंधित निर्देश दिये गये।

# उज्वला योजना से ग्रामीण महिलाओं को धुंआ से मिली मुक्ति : नंदकिशोर

## नौ वर्षों में एलपीजी ग्राहकों की संख्या हुई दोगुनी

**पटना,** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव कहा कि 'उज्वला योजना' ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में उजाला लाया है। देश में ग्रामीण परिवेश की महिलाओं को धुंआ से मुक्ति मिली है। श्री यादव ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एलपीजी के नये कनेक्शन में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले 9 वर्षों में रिकॉर्ड 17 करोड़ ग्राहकों ने नया एलपीजी कनेक्शन लिया है। इतनी बड़ी संख्या की बदौलत रसोई गैस उपभोक्ताओं का आंकड़ा दोगुना होकर 31.36 करोड़ हो गया है अप्रैल 2014 में एक्टिव एलपीजी कंज्यूमर की संख्या 14.52 करोड़ थी, जो अब बढ़कर एक 30.26 करोड़ हो गयी है। यह महत्वपूर्ण



वृद्धि मुख्य रूप से उज्वला योजना के कारण हुई। जिसके कारण एलपीजी कवरेज में 2016 में केवल 62 प्रतिशत था, उसमें 2022 में 104.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। श्री यादव ने कहा कि सदियों से भारत के गांवों में खाना बनाने के लिए परंपरागत रूप से लकड़ी और गोबर के उपले का इस्तेमाल किया जाता था। इससे निकलने वाले धुएं का खराब असर खाना बनाने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ता था। प्रधानमंत्री उज्वला योजना से ऐसी महिलाओं को काफी राहत मिली है। गांव में ज्यादातर महिलाओं का समय दो वक्त के ईंधन का इंतजाम करने में ही गुजरता था। इतना ही नहीं गांव से दूर जंगलों से लकड़ी लाना जोखिम भरा काम भी होता है। लेकिन, पीएम उज्वला योजना ने महिलाओं को न केवल धुएं के खराब असर से मुक्ति दिलाई है बल्कि इन तमाम जोखिमों से भी दूर किया है।

# भारतीय जनता पार्टी नबीनगर विधानसभा का बैठक

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी नबीनगर विधानसभा का बैठक सिरिष मंडल अंतर्गत ग्राम सनथुआ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानन्द राय एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में सांसद सुशील कुमार सिंह शामिल हुए।कार्यक्रम का अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा एवं संचालन सिरिष मंडल के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने किया।इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में लगातार तेजी से विकास की ओर अग्रसर है।कोरोना काल के समय में सभी लोगों को मुफ्त में कोरोना का वैक्सीन दिया गया।जम्मु-कश्मीर में 370 समाप्त किया गया।प्रधानमंत्री ने देश के नेतृत्व को एक नई दिशा दी है।और देश के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित कर रही है।सांसद सुशील कुमार सिंह ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार एकता,अखंडता,आंतरिक और बाहरी सुरक्षा,आर्थिक विकास,सामाजिक सौहार्द, गरीबो की चिंता और कल्याणकारी योजनाओ की शुरूआत सुनिश्चित किया है।भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो राष्ट्र और भारतीय संस्कारो को बचायेगी।इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 100वां एपिसोड़ 30 अप्रैल को प्रसारित किया जाएगा इसके संबंधित तैयारी पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया।

# आंनद मोहन के रिहाई मामले पर जो विरोध कर रहे है वे बिहार विरोधी

**पटना।** जेडीयू नेता मनोज लाल दास मनु ने पूर्व सांसद आंनद मोहन के विहार सरकार के द्वारा की जा रही रिहाई के आदेश पर कुछ नेताओं द्वारा इसे दलित अति पिछड़ा से जोड़ने की भर्त्सना की है। आंनद मोहन जी की रिहाई पर हाय तौबा मचाने वाले को जानना चाहिए की डीएम कृष्णैया की हत्या के वक्त आंनद मोहन वहा नही थे, उन पर मात्र भीड़ को उकसाने का आरोप लगा था न की हत्या का। भाजपा नेता सुशील मोदी खुद सार्वजानिक रूप से आंनद मोहन की रिहाई की मांग करते रहे है। अब उन्हें आंनद मोहन की रिहाई अति पिछड़ा विरोधी लगने लगा है। उत्तर प्रदेश की मख्यमंत्री मायावती एससी एसटी आयोग के विरोध को महज वोट बैंक के लिए विरोध कर रहें है। श्री मनु ने पूर्व आईपीएस अमिताभ कुमार दास के विरोध को मात्र मीडिया में रहने का तरीका बताते हुए कहा कि श्री दास नौकरी जाने के बाद से मानसिक रूप से बीमार हो गए है। इसीलिए उजूल फुजूल बयान दे रहे है। आज जिन्हे अति पिछड़ा दलित याद आ रहा है वे उस समय चुप क्यों थे जब इस मामले की जॉच सीबीआई से कराने की हो रही थी। अमिताभ दास जैसे सिरफिरे लोगों के बातो को बिहार की जनता नोटिस नही लेती है, दास आज कोर्ट जानें की बात कर रहे लेकीन घटना के समय सीबीआई जांच कराने के समय मौन थे। मख्यमंत्री नीतिश कुमार ने आंनद मोहन जी को छोड़ने का जो फैसला लिया है इसकी जितनी तारीफ हो कम होगी । इससे दलित और अति पिछड़े समाज के लोगों में खुशी है। श्री मनु ने भाजपा के कूछ नेताओ को चेतावनी दी है कि वे इस मामले में दलित पिछड़ा वर्ग से ना जोड़े अगर शुरू में ही ये सब सीबीआई जॉच की मांग की होती तो आज आंनद मोहन बेगुनाह होते।

# बाबु कुंवर सिंह के देश प्रेम व वीरता को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा : राठौर

**पटना।** क्षत्रिय सेवा महासंघ की ओर से आज कंकड़बाग में बाबू वीर कुँवर सिंह विजयोत्सव के अवसर पर महाराणा प्रताप आर्मी का गठन कर उन्हें याद किया गया।इस अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनवंत सिंह राठौर ने कहा कि वीर बांकुड़ा बाबु वीर कुंवर सिंह जैसे राष्ट्र प्रेमी कभी - कभी ही जन्म लेते है, इस अवसर



पर महाराणा प्रताप आर्मी का गठन होना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महाराणा प्रताप आर्मी समाज के ऊपर होने वाले हमले के आरोपियों के खिलाफ कानून की मदद करेगी। समाज के लोगों के उपर कही भी हमला होगा आर्मी तुरंत उनके सहायता के लिए तैयार रहेगी। कुंवर सिंह मानव नहीं , महामानव की श्रेणी में आने वाले वीर पुरुष थे, इसीलिए उनके विजयोत्सव के दिन समाज के हित में आर्मी का गठन होना शुभ संकेत है । श्री राठौर ने बाबू कुंवर सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबू कुंवर सिंह विश्व में वीरता के वो मिशाल है जिनकी तुलना आने वाले दिनों में भी विश्व मे कोई नहीं कर सकता है। आज तक उनके प्रपौत्र बब्लू सिंह के हत्यारे की अब तक गिरफ्तारी न होना कुँवर सिंह जैसे बिभूतियो का अपमान है। इस अवसर पर कुँवर सिंह को पराक्रमी योद्धा बताते हुए महासंघ के राहुल कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सोनू सिंह, संजय कुमार सिंह,नीलू नीलांचल, विजय चौहान, मणिशंकर, धर्मवीर सिंह, रणधीर कुमार आदि ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया।

# शांति का प्रतीक रहा है औरंगाबाद : सल्लू खान

**औरंगाबाद।** अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती पर पैगाम इंसानियत मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने शहर के नावाडीह रोड स्थित महावीर मंदिर में पूजा करने जानें वाले ना श्रद्धालुओं के बीच गुलाब का फूल फूलों से बारिश किया मंदिर के पुजारी संतोष कुमार पांडेय, शिव मंदिर के पुजारी डब्लू पांडेय, पैगाम इंसानियत मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष सल्लू खान ने गुलाब का फूल मिठाई खिलाकर उन्हें सम्मानित किया। अक्षय तृतीया परशुराम जयंती के पर्व के पर गले लग कर मुबारकबाद दी। अध्यक्ष सल्लू खान ने कहा की औरंगाबाद हमेशा शांति का प्रतीक रहा है और यह एक दूसरे से मिलकर सभी रहते हैं आपसी भाईचारा काम करने को लेकर हम लोगों ने इस संदेश को लेकर निकले हैं लोगों से अपील भी



किया गया किसी तरह का मनमुटाव आपस में ना करें मिलजुल कर रहे हैं जब मिलजुल कर रहेंगे तभी देश का विकास होगा हम सभी को असामाजिक तत्व के बहकावे में नहीं आना है कुछ लोग बेवजह शहर का माहौल खराब करने के लिए हमेशा खलल पैदा करते हैं वैसे लोगों से हम सभी को सावधान रहने की जरूरत है मंदिर पूजा समिति के साथ पुजारी लोगों ने मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष बधाई देते हुए कहा कि औरंगाबाद में हमेशा ही शांति का प्रतीक के लिए सड़क पर रहते हैं और हमेशा समाज को अमन-चैन बनाने में इनका आम रोल है दिल से आभार व्यक्त करते हैं इस मौके पर अन्ना खान दानिश खान मो इबरार छोटे खान मो राशिद नेजामुदीन खान महमूद अंसारी अमन खान आदि लोग उपस्थित थे

# रक्तदान का उपहार, बचाएगा किसी की जान : बमेंद्र

**औरंगाबाद।** खुशियां मनाने और खुशियां बांटने के कई तरीके हैं, जिनमे एक है रक्तदान।ऐसे ही खुशियां मनाने और बांटने के लिए औरंगाबाद बिहार के रक्तदान के प्रति समर्पित समाजसेवी हैं बमेंद्र, जो हर खास अवसर को रक्तदान से जोड़ कर एक परंपरा बनाने के प्रयास में निरंतर लगे हुए हैं।शादी का सालगिरह हो या जन्मदिन का अवसर,पर्व त्यौहार हो या कोई खास दिवस,सभी को रक्तदान कर खुशियां बांटने के लिए प्रेरित करते हैं बमेंद्र।अपनी शादी के सालगिरह पर रक्त अधिकोष देवघर में एक छोटा सा रक्तदान शिविर आयोजित कर बमेंद्र ने अवसर को खास बनाया। बमेंद्र ने बताया की मेरे लिए सबसे कीमती और अनमोल उपहार है रक्तदान जो आज हमारी




वैवाहिक वर्षगांठ पर बहन और मित्रों से मिला।रक्त एक ऐसा उपहार है जिससे किसी की जिंदगी बच सकती है। बमेंद्र ने बताया कि जिसका न तो उत्पादन किया जा सकता है और जिसे न ही किसी प्रयोगशाला में बनाया जा सकता है,वो है रक्त।जरूरतमंद के लिए रक्त का एक मात्र स्त्रोत है मानव शरीर।रक्त की सबसे ज्यादा आवश्यकता दुर्घटनाग्रस्त लोगों को,गर्भवती महिलाओं को,एनीमिया मरीजों को होती है।थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों का तो आहार ही रक्त है जिन्हे हर माह एक से दो यूनिट की आवश्यकता होती है।उपरोक्त मरीजों को समय पर रक्त हम और आप ही उपलब्ध करा सकते हैं रक्तदान करके।शैलेश कुमार सिंह,कविता सिंह,दिवाकर मिश्रा,गौरव शंकर,जनार्दन साह एवम लोकन यादव ने रक्तदान कर बमेंद्र के शादी की सालगिरह को खास बनाया।

# मानवाधिकार सहायता संघ का प्रथम प्रांतीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह सम्पन्न

**पटना।** मानवाधिकार सहायता संघ का प्रथम प्रांतीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह पटना के दरोगा राय हॉल, दरोगा प्रसाद पथ, पटना में सम्पन्न हुआ। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सोनू सिंह ने अपने संबोधन में मानवाधिकार सहायता संघ के उद्देश्य के बारे में बताया की संघ मानव के अधिकार के लिए




संघ हर समय हर जगह मजबूती के साथ कार्य कर रही है। हमारा नारा है की जब आपकी कोई न सुने तो आप हमे चुनें। संघ अपने उद्देश्य के साथ भारत के साथ विदेश में भी कार्य कर रही है। प्रांतीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में बिहार के साथ साथ उत्तर प्रदेश और झारखंड से भी संघ के पदाधिकारी मौजूद थे। सम्मेलन बहुत ही बड़े स्तर पर कराया गया था। बिहार के हरेक कोने से 500 से ज्यादा लोग मौजूद थे। उपस्थित सभी लोगो को संघ के द्वारा कार्य अनुसार सहायक सम्मान, गौरव सम्मान, वीर पुरस्कार और दशरथ मांझी सम्मान के साथ मेडल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपरोक्त अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सोनू सिंह भारत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यतेंद्र कुमार शर्मा, राष्ट्रीय प्रभारी पुरन चंद सागर, राष्ट्रीय सूचना सेल प्रभारी संध्या कुमारी के साथ प्रदेश अध्यक्ष वैद्य सुरेंद्र पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष उदित कुमार उदय, प्रदेश प्रभारी अभय नाथ जी, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार श्रीवास्तव तथा बिहार युवा प्रकोष्ठ से प्रदेश प्रमुख जयबिन्द कुमार विद्यार्थी, प्रदेश महासचिव कुंदन कुमार, मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार, प्रदेश संयोजक संजीव कुमार तथा बिहार के सभी जिला के जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# विष्णु धाम का स्थापना दिवस धूमधाम से मना

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड स्थित जम्होर थानांतर्गत पुनपुन बटाने के संगम तट पर अवस्थित विष्णुधाम का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया विष्णु धाम के महंत बालकानंद ब्रह्मचारी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु धाम न्यास समिति के कोषाध्यक्ष पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने किया एवं संचालन रढुआ निवासी मधुसूदन त्रिवेदी ने किया। सर्वप्रथम विष्णु धाम परिसर में अवस्थित भगवान विष्णु एवं सभी देवी देवताओं की षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन किया गया। अक्षय तृतीया पर स्थापित हुआ विष्णु धाम।पूर्ण होता मनोरथ सफल होते सब काम। विषयक विचार गोष्ठी का संबोधन करते हुए सामयिक साहित्य संवाद के प्रांतीय संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि सनातन संस्कृति में अक्षय तृतीया स्वयंसिद्ध एवं अबूझ मुहूर्त के रूप में जाना जाता है भगवान विष्णु के अवतार परशुराम जी का इसी दिन अवतरण हुआ था।अक्षय तृतीया को किए गए कार्य अक्षय फल की प्राप्ति कराते हैं एवं इस दिन किए गए जप तप व्रत से लाखों गुना फल एवं यश की प्राप्ति होती है। खाकी बाबा ने विष्णु धाम में भगवान विष्णु के स्थापना इसी तिथि को की थी। आज के दिन सुबह से ही विष्णु धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही ।लोगों ने भगवान विष्णु का दर्शन लाभ प्राप्त किया एवं पुआ का महाप्रसाद ग्रहण किया । उपस्थित लोगों ने महंत जी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया

# कुंवर सिंह के विजयोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाई गई

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद के ओवरब्रिज बाईपास के समीप पंचदेव मंदिर के पास वीर कुंवर सिंह प्रतिमा स्थल के प्रांगण में विजयोत्सव कार्यक्रम वीर कुंवर सिंह प्रतिमा निर्माण समिति के तत्वाधान में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने किया जबकि संचालन मनोज कुमार ने किया।सर्वप्रथम मुख्य अतिथि औरंगाबाद के माननीय विधायक आनंद शंकर सिंह जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह नगर परिषद औरंगाबाद के अध्यक्ष उदय गुप्ता रेड क्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह समाजसेवी चंद्रप्रकाश



विकास सुरीठ सिंह भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष अनीता सिंह वार्ड पार्षद राजू पासवान ने दीप प्रज्वलित करके किया तत्पश्चात वीर कुंवर सिंह के आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। एवं वीर कुंवर सिंह अमर रहे का नारा लगाया गया संबोधन के क्रम में विधायक आनंद शंकर सिंह ने कहा कि आजादी के प्रथम लड़ाई में कुंवर सिंह ने योगदान देकर स्वतंत्रता की पृष्ठभूमि तैयार की तब जाकर हम आजाद हुए अपने पूर्वजों की संस्कृति धरोहर को हमें संजो कर रखना होगा।उदय गुप्ता ने कुंवर सिंह को आजादी का महानायक बताया तो सतीश सिंह ने प्रतिमा निर्माण के संदर्भ में कहा कि इससे हमारी युवा पीढ़ी उनके जीवन मूल्यों को जानेंगी। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने आजादी की लड़ाई में उनकी भूमिका की चर्चा की। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया एवं कुंवर सिंह के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। आज के विजयोत्सव कार्यक्रम में प्रोफेसर ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह शिक्षक राम भजन सिंह पृथ्वीराज चौहान ट्रस्ट के सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह जयंत प्रकाश सुरेश विद्यार्थी शिक्षक राम किशोर सिंह समाजसेवी सुरेंद्र सिंह अरुण सिंह पंचदेव मंदिर के व्यवस्थापक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पृथ्वीराज के साथ-साथ चंदबरदाई की भी प्रतिमा लगाई जाएगी



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक मृगनैनी होटल के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ रित्विक सिंह ने किया।जबकि, संचालन सुरेश विद्यार्थियों ने किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं औरंगाबाद शहर में पृथ्वीराज चौहान जी की भव्य एवं दिव्य प्रतिमा लगाने वास्ते कृत संकल्पित हुए। उनके साथ पृथ्वीराज चौहान जी के अभिन्न मित्र हिंदी साहित्य के आदिकाल के आदि कवि चंदबरदाई की भी प्रतिमा लगाई जाएगी। बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह प्रतिमा निर्माण समिति के संयोजक जगदीश सिंह प्रोफेसर विजय कुमार सिंह कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह वरीय सदस्य चंद्रप्रकाश विकास डॉ संजीव रंजन सहित अन्य लोगों ने प्रतिमा निर्माण कार्यक्रम की समीक्षा की।समीक्षोपरांत सभी कार्य संतोषजनक पाए गए। साथ ही साथ अर्थ संग्रह पर चर्चा करते हुए आय-व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया। आज के महत्वपूर्ण बैठक में शिक्षक नेता राम भजन सिंह जयंत प्रकाश शैलेंद्र सिंह कमलेश कुमार सिंह राजेश कुमार सिंह रामानुग्रह नारायण सिंह सत्येंद्र नारायण सिंह मनोज कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# शेड निर्माण के लिए डेहरी के पूर्व विधायक प्रत्याशी समीर ने मांगा अनापत्ति प्रमाण पत्र

**डेहरी।** स्थानीय नगर थाना के समीप बने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर चौक पर शेड निर्माण का कार्य करवाने हेतु डेहरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह जन अधिकार पार्टी के प्रदेश महासचिव समीर कुमार ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की है। ज्ञात हो कि समीर कुमार ने ही वर्ष 2019 में पथ निर्माण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद वर्षो से बदहाल पड़ी कपूर्री ठाकुर चौक को सौन्दयीकृत किया था और भव्य माल्यार्पण समारोह आयोजित कर चौक डेहरी को जनता को समर्पित किया था। समीर ने केवल चौक को सौन्दयीकृत ही नही बल्कि प्रत्येक दिन



स्वयं से चौक को मेंटेन भी किया करते थे। अभी हाल ही में समीर ने पूरे कपूर्री चौक पर पौधारोपण करवाया ताकि शहर का हृदय कहा जाने वाला कपूर्री चौक सुसज्जित दिखे लेकिन दुर्भाग्य है कि नगर परिषद की लापरवाही से कपूर्री चौक पर लगाये सभी पौधे सुख गए। समीर ने बताया कि जननायक कपूर्री चौक पर शेड निर्माण के लिए कई दिनों से विचार कर रहे थे लेकिन जब उन्होंने यह देखा कि शहर का कोई व्यक्ति इस कार्य को करने के लिए उद्दत नही हुआ तो समीर ने स्वयं से ही इस कार्य को करने का निर्णय लिया। गौरतलब हो कि समीर कपूर्री ठाकुर चौक के साथ-साथ डेहरी के महात्मा गांधी चौक, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक का भी सौंदर्यीकरण का कार्य किया है जिसके लिए पूरे रोहतास जिले में उनकी प्रशंसा लोग किया करते है। समीर के द्वारा कपूर्री चौक पर शेड निर्माण कार्य हेतु ज्ञापन प्राप्त करने के उपरांत नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रमण कुमार ने बताया कि बोर्ड की बैठक में इस विषय पर निर्णय लेने के उपरांत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा साथ ही उन्होंने समीर के इस प्रयास की ढेर सारी प्रशंसा की। मौके पर नगर परिषद के उप चेयरमैन प्रतिनिधि गोपी चंद्रवंशी, ललित सिन्हा, धनु श्रीवास्तव, छठु यादव, धीरेन्द्र रविदास भी उपस्थित रहे।

## मृतकों के परिजनों के बीच राहत सामग्री का वितरण

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल की एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधान पार्षद व राजद के वरीय नेता अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में औरंगाबाद सदर प्रखंड के हेतमपुर महादलित टोले पर पिछले दिन आगजनी के हुए शिकार 5 मृतकों के परिजनों से मिलकर राहत सामग्री मुहैया कराया। एवं हमेशा पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहने का आश्वासन भी दिया क्या। राजद प्रखंड अध्यक्ष राजू यादव पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि एवं युवा राजद के प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार छात्र राजद के प्रखंड अध्यक्ष सुशील कुमार देव प्रखंड राजद उपाध्यक्ष शंकर यादव खैरा मिर्जा पंचायत के मुखिया केदार रजक उप मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह सहित कई समाजसेवी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संपादकीय

# नरोदा का नासूर

वर्ष 2002 में हुए गुजरात दंगों के दौरान अहमदाबाद के नरोदा गाम इलाके में हुए दंगों से जुड़े तमाम सवाल दो दशक के बाद भी अनुत्तरित ही हैं। इस रक्तरंजित हत्याकांड में ग्यारह लोगों की मौत हुई थी। हाल ही में अहमदाबाद की विशेष अदालत ने सभी शेष 67 आरोपियों को बरी कर दिया। इस दंगे के मामले में सवालों के घेरे में गुजरात की पूर्व मंत्री माया कोडनानी व बजरंग दल के पूर्व नेता बाबू बजरंगी भी शामिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस मामले में कुल 86 आरोपियों में से 18 की मुकदमे के दौरान ही मौत हो गई थी। निश्चित रूप से यह फैसला इस बात को रेखांकित करता है कि इस मामले में जांच का स्तर नीचा रहा, आधी-अधूरी चार्जशीट दाखिल की गई और कमजोर तर्कों से केस आगे बढ़ाया गया। निस्संदेह इन आरोपियों को अपर्याप्त साक्ष्य के चलते अदालत ने आरोप मुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि नरोदा गाम संहार वर्ष 2002 के नौ प्रमुख सांप्रदायिक दंगों में से एक था। जिसकी जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक एसआईटी ने की थी। कालांतर इस मामले की सुनवाई एक विशेष अदालत ने की थी। दरअसल, 27 फरवरी, 2002 को गोधरा में ट्रेन में आगजनी हुई थी। उसके उपरांत पूरे राज्य में दंगे भड़क उठे थे। वास्तव में ट्रेन में जलकर मरने वालों में 58 यात्री थे, जिनमें अधिकांश अयोध्या से लौट रहे तीर्थयात्री थे।

उल्लेखनीय है कि इसी साल जनवरी में भी गुजरात की एक अदालत ने सभी 22 अभियुक्तों को बरी कर दिया था। दरअसल, सुनवाई के दौरान आठ आरोपियों की मौत हो गई थी। यहां भी सबूतों के अभाव में आरोपियों के बरी होने की बात कही गई। कहा जाता है कि वर्ष 2002 में हुए दंगों को स्वतंत्र भारत में हुए सबसे भीषण दंगों के रूप में देखा जाता है। लेकिन हाल के फैसलों में अभियुक्तों का बरी होना दशकों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे लोगों के लिये झटका जैसा ही रहा। पीड़ित पक्ष के लोग आरोपियों को दी गई राहत पर सवाल उठाते रहे हैं। इससे पहले भी नरोदा पाटिया दंगे मामलों में गुजरात सरकार की पूर्व मंत्री माया कोडनानी को बड़ी सजा सुनाई गई थी। कालांतर गुजरात उच्च न्यायालय से उन्हें राहत मिल गयी थी। वहीं अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों में बिलकिस बानो केस में जेल में सजा काट रहे अभियुक्तों की जल्दी रिहाई को लेकर भी आक्रोश देखा गया। पीड़ित पक्ष के लोग न्याय की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। विडंबना ही है कि हमेशा से ही सांप्रदायिक दंगों में ऐसे लोगों को सब कुछ गंवाना पड़ता है, जिनका ऐसे मामलों से दूर-दूर तक का वास्ता नहीं होता। इस अन्याय से मुक्ति की आस में वे न्याय व्यवस्था की ओर उम्मीद से देखते हैं। लेकिन जब उन्हें वहां से भी न्याय नहीं मिलता तो निश्चित रूप से दुख व आक्रोश उन्हें निराशा व अवसाद के दलदल में धकेल देता है। नीति-नियंताओं को जनाक्रोश को देखते हुए न्याय के तकाजे को पूरा करने का प्रयास करना चाहिए।

# लापरवाही पड़ सकती है भारी

राजधानी दिल्ली के अति सुरक्षित साकेत कोर्ट परिसर में एक बार फिर गोलीबारी से उसकी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई। शुक्रवार सुबह एक निलंबित वकील ने पैसे के लेन देन के विवाद में महिला पर 4 राऊंड़ फायर झोंक दिए जिनमें से तीन गोली महिला को लगी। अत्यंत सुरक्षित अदालत परिसर में इस वारदात ने सुरक्षा और चौकसी के दावे की हवा निकाल दी। पहला मौका नहीं है जब दिल्ली की अदालत में इस तरह की दुस्साहसिक घटना को अंजाम दिया गया है। पिछले साल दौरान रोहिणी कोर्ट और कड़कड़डूमा कोर्ट में फायरिंग की 1-1 वारदात तो 2021 में रोहिणी कोर्ट में गोलीबारी की दो घटनाओं को अंजाम दिया गया।



2019 में तीस हजारी अदालत में भी पुलिस और वकीलों में झड़प के बाद फायरिंग में गोली वकील को लग गई थी। 2015 में कड़कड़डूमा कोर्ट के अंदर हमलावरों की गोली से पुलिस के एक जवान की मौत हो गई थी। ऐसे में महझवपूर्ण सवाल यही है कि पुलिस की भारी तैनातीग सीसीटीवी से निगरानी, स्कैनर, मेटल ड़िटेक्टर, मल्टी प्वॉइंट मेटल ड़िटेक्टर और स्थानीय खुफिया यूनिट की चौकसी के बावजूद कोई कैसे इतने बड़े अपराध को अंजाम दे सकता है। यानी यह सीधे तौर पर पुलिस की लापरवाही का मामला है। साकेत कोर्टग दिल्ली में रोजाना एक लाख से ज्यादा लोगों की आवाजाही होती है। ऐसे में फिलहाल जो व्यवस्था पुलिस की है (चेकिंग के लिए गेट पर दो-तीन पुलिसकर्मी और चार-पांच निजी सुरक्षाकर्मी होते हैं) उसमें व्यापक बदलाव होने चाहिए। पुलिस के जवानों की तादाद ज्यादा करने की जरूरत है। दूसरा ये कि कई बार वकील धौंस जमाकर खुद या अपने वाहन की जांच कराने से बचते हैं। पुलिस वालों और सुरक्षाकर्मियों के टोकने पर विवाद करते हैं। याद रखना होगा कि सुरक्षा पुलिस या आम जन की ही नहीं होती, बल्कि वकील और अन्य स्टाफ की भी होती है। लिहाजा, सभी को सुरक्षा के नाम पर एक-दूसरे को सहयोग करना होगा। चूंकि यह एक दिन का मसला नहीं है, इसलिए हर किसी को सतर्क रहना होगा। आसपास नजर रखनी होगी। अच्छी बात है कि महिला खतरे से बाहर है। कानून-व्यवस्था के मामले में थोड़ी सी भी लापरवाही की भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। औपचारिकता से बचकर संजीदगी से सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करना होगा।




## सूक्ति

बिना उत्साह के आज तक कोई भी महान उपलब्धि पाई नहीं जा सकी है।
- राल्फ वाल्डो एमर्सन

आप आराम की जिंदगी जीना चाहते हैं तो कुछ परेशानी तो उठानी ही पड़ेगी।
- एबिगैल वैन ब्यूरेन

## चिंतन-मनन

# ईश्वर का स्वरूप क्या है?

पहले अपने स्वरूप को जानों
एक महात्मा से किसी ने पूछा- ईश्वर का स्वरूप क्या है?
महात्मा ने उसी से पूछ दिया-तुम अपना स्वरूप जानते हो?
वह बोला- नहीं जानता।
तब महात्मा ने कहा- अपने स्वरूप को जानते नहीं जो साढ़े तीन हाथ के शरीर में मैं-मैं कर रहा है और संपूर्ण विश्व के अधिष्ठान परमात्मा को जानने चले हो। पहले अपने को जान लो, तब परमात्मा को तुरंत जान जाओगे। एक व्यक्ति एक वस्तु को दूरबीन से देख रहा है। यदि उसे यह नहीं ज्ञान है कि वह यंत्र वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु के सही स्वरूप का ज्ञान कैसे होगा?
अतः अपने यंत्र के विषय में पहले जानना आवश्यक है। हमारा ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा संसार दिखलाता है। हम यह नहीं जानते कि वह दिखाने वाला हमें यह संसार यथावत्? ही दिखलाता है या घटा-बढ़ाकर या विकृत करके दिखलाता है। गुलाब को नेत्र कहते हैं- यह गुलाबी है। नासिका कहती है- यह इसमें एक प्रिय सुगंध है। त्वचा कहती है- यह कोमल और शीतल है। चखने पर मालूम पड़ेगा कि इसका स्वाद कैसा है। पूरी बात कोई इंद्री नहीं बतलाती। सब इन्द्रियां मिलकर भी वस्तु के पूरे स्वभाव को नहीं बतला पातीं।

# हड़ताल का मनोविज्ञान समझने की जरूरत

सियाराम पांडेय 'शांत'




विरोध-प्रदर्शन, सत्याग्रह, हड़ताल और आंदोलन लोकतंत्र के ऐसे हथियार हैं जो अपनी जिम्मेदारी को भूल बैठे सत्ताधीशों को कुम्भकर्णी नींद से जगाने में अहम भूमिका निभाते हैं। लेकिन हर आंदोलन की अपनी मर्यादा होती है।अपनी आधार भूमि होती है। अपना उद्देश्य होता है। बात-बात पर होने वाले आंदोलन देश का मार्गदर्शन तो करते नहीं, अलबत्ता परेशानी और चिंता का ग्राफ जरूर बढ़ा देते हैं।

बिना सिर-पैर के आंदोलनों से वैसे भी किसी का भला नहीं होता। नुकसान अधिकांश जनता का होता है। यातायात जाम में फंसे देश को रोज कितना जान-माल का नुकसान होता है, यह किसी से छिपा नहीं है। किसान आंदोलन के नाम पर जब रेल ट्रैक जाम कर दिए जाते हैं या सरकारी वाहनों को आग के हवाले कर दिया जाता है तो इससे देश की कितनी क्षति होती है, इसे आवेशित आंदोलनकारी नहीं समझ सकते, लेकिन देश को समझना होगा।

हड़ताल का अपना मनोविज्ञान होता है। वह कुछ तिकड़मबाजों के लिए तो फायदेमंद होती है लेकिन जरूरी नहीं कि हड़ताल में शामिल हर आंदोलनकारी तक लाभ की किरण पहुंचे ही। जो जिस विभाग से जुड़ा है, उसकी समस्याओं को लेकर हड़ताल हो तो बात समझ में आती है लेकिन सस्ती लोकप्रियता के लिए किसी भी मुद्दे को लपक लेना और उस पर आंदोलन करते हुए देश को परेशानी में डालना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसलिए देश में आंदोलनों को लेकर एक आचार संहिता तो बननी ही चाहिए। हड़ताल को देश पर थोपना क्यों जरूरी है, यह बात देश को बताई तो जानी ही चाहिए।

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने वकीलों की हड़ताल पर न केवल नाराजगी जाहिर की है बल्कि यह भी कहा है कि वकील न तो हड़ताल पर जा सकते हैं और न ही काम बंद कर सकते हैं। शीर्ष अदालत का तर्क है कि वकीलों की हड़ताल से अदालतों में मुकदमों का पहाड़ खड़ा हो जाता है। शीर्ष अदालत के इस तर्क में दम है। यह पहला मौका नहीं जब सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह की तल्ख टिप्पणी की है। वर्ष 2019-20 में भी उत्तराखंड के वकीलों की हड़ताल पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्तियों ने कुछ ऐसी ही टिप्पणी की थी। मौजूदा टिप्पणी भी उत्तराखंड के ही संदर्भ में है। ऐसा भी नहीं कि उत्तराखंड अकेला राज्य है, जहां हड़ताल पर सुप्रीम कोर्ट कोर्ट तल्ख होता नजर आया है। सवाल यह है कि शीर्ष अदालत को बार-बार इस तरह की टिप्पणी करनी क्यों पड़ रही है और अधिवक्ता हड़ताल को लेकर उसके आदेशों की अनदेखी क्यों कर रहे हैं? यह बार और बेंच के बीच समन्वयहीनता नहीं तो और क्या है?

> विकास के राही नवोन्मेष में विश्वास करते हैं। चरैवेति-चरैवेति की परंपरा में जीना पसंद करते हैं। आंदोलन ठहराव का दूसरा नाम है। प्रकृति में गतिशीलता है। इसीलिए वह सुंदर दिखती है। आंदोलन या हड़ताल गतिशील व्यक्ति के पांव खींचने जैसा प्रयास है। अब हमें सोचना है कि हम अपनी जिम्मेदारियों का पथ अपनाएंगे या आंदोलन की संकरी, पथरीली और कंटीली पगडंडियों पर चलकर अपने और देश के श्रम, समय और धन की बर्बादी के संवाहक बनेंगे। तय तो हमें ही करना है। आज करें या कल। ध्यान रहे, इस विचार विन्यास में इतनी देर न करें कि सिर्फ पछतावा ही हाथ लगे।

उत्तराखंड के वकीलों का 35 साल से हर शनिवार को हड़ताल का सिलसिला चला आ रहा था। जाहिर है कि बार और बेंच के बीच कुछ तो जटिलता है जो ठीक नहीं हो पा रही है। देश की शीर्ष अदालत भी सब समझती है लेकिन वह फुंसी को नासूर बनते भी तो नहीं देख सकती। सो, इस बार के अपने निर्णय में उसने निदान का तत्व भी तलाशने की कोशिश की है। सभी उच्च न्यायालयों को मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में वकीलों की शिकायतों के निवारण के लिए राज्यस्तरीय समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। अपने निर्णय में उसने निचली अदालत के वकीलों के हितों और उनकी समस्याओं का भी ध्यान रखा है। जिला स्तर पर भी इस तरह की समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह एक स्वस्थ और सकारात्मक पहल है। बार और बेंच के टकराव घटाकर ही न्यायालयों में कामकाज की स्थिति सुचारू हो सकती है।

रही बात अदालतों में केसों का पहाड़ खड़ा होने की तो जितना बैकलॉग खत्म नहीं होता, उससे अधिक मुकदमे रोज हर अदालतों में उपस्थित हो जाते हैं। 7 दिसंबर, 2022 को केंद्रीय विधि मंत्री किरन रिजीजू ने राज्यसभा में जो जानकारी दी थी, वह बेहद चौंकाने वाली है। उनके मुताबिक देश के 25 उच्च न्यायालयों में 5894060 मुकदमें लंबित हैं, जिसमें 10 लाख से अधिक मुकदमें तो अकेले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में लंबित हैं। पटना उच्च न्यायालय में लंबित वादों की संख्या जहां 260917 है,वहीं गुजरात हाई कोर्ट में 157104 और उत्तराखंड उच्च न्यायालय में 43172 वाद लंबित हैं। सर्वोच्च न्यायालय में 11049 मामले ऐसे हैं जो एक दशक से अधिक समय से लंबित है। बात अगर निचली अदालतों की करें तो वहां चार करोड़ 34 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। पर्यावरणीय अपराध से जुड़े 9.36 लाख मामले भी देश की अदालतों में लंबित है। ऐसे में आए दिन होने वाली वकीलों की हड़ताल चिंता तो बढ़ाती ही है। इस तरह की हड़ताल पर तत्काल अंकुश लगाए जाने की जरूरत है।

20 फरवरी, 2020 को सर्वोच्च न्यायालय ने देहरादून, ऊधम सिंह नगर और हरिद्वार जिले की निचली अदालतों में 35 साल से हर शनिवार को होने वाली हड़ताल को अवैध ठहराया था और बार काउंसिल ऑफ इंडिया व राज्य काउंसिल ऑफ इंडिया को ऐसे वकीलों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। देश के मौजूदा प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने गत 21 दिसंबर 2022 को आंध्र प्रदेश में कहा था कि देश की न्यायिक व्यवस्था को तारीख पर तारीख वाली छवि बदलने की जरूरत है। यह अपील काबिल-ए-गौर है।


जिस देश की निचली अदालतों में 63 लाख मामले इसलिए लंबित हैं कि उन्हें लड़ने के लिए वकील ही नहीं है। उस देश में आए दिन होने वाली वकीलों की हड़ताल समझ से परे है। वैसे भी इन दिनों वकील जिस तरह के मुद्दों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं, उसका न्यायिक सेवाओं से कोई मतलब नहीं है। बेहतर है कि अपने कार्यक्षेत्र की समस्याओं को ही उठाया जाए।सत्याग्रह, हड़ताल या विरोध-प्रदर्शन अंतिम विकल्प होना चाहिए। हड़ताल लोक संस्कृति का हिस्सा नहीं बनना चाहिए क्योंकि एक छोटी सी हड़ताल भी थोड़े समय के लिए वहां की विकास की गति अवरुद्ध कर देती है। एक दिन की हड़ताल से देश का विकास एक माह पिछड़ जाता है।

सर्वोच्च न्यायालय में शिकायत निवारण समितियों के गठन का उचित निर्णय लिया है। इसे नजीर मानते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को भी राज्य, जिला, तहसील और यहां तक कि ब्लॉक स्तर पर भी हर विभागों के शिकायत निवारण प्रकोष्ठ गठित करने चाहिए, जिससे आंदोलन और विरोध-प्रदर्शन की जरूरत ही न पड़े। आंदोलन का महत्व समझते हुए अगर आंदोलन किया जाएगा तो उससे जो नवनीत निकलेगा, वह फायदेमंद होगा लेकिन अनावश्यक आंदोलन इस देश को गर्त में ही ले जाने का काम करेंगे। उसके हलाहल को निगल पाना न तो इस देश के लिए लाभप्रद है और न ही श्रेयस्कर। इसलिए भी इस देश के रणनीतिकारों, राजनीतिज्ञों, बौद्धिकों को सोचना होगा कि वे इस देश में विकास का इंकलाब लाना चाहेंगे या व्यर्थ के आंदोलनों की झड़ी लगाना पसंद करेंगे।

विकास के राही नवोन्मेष में विश्वास करते हैं। चरैवेति-चरैवेति की परंपरा में जीना पसंद करते हैं। आंदोलन ठहराव का दूसरा नाम है। प्रकृति में गतिशीलता है। इसीलिए वह सुंदर दिखती है। आंदोलन या हड़ताल गतिशील व्यक्ति के पांव खींचने जैसा प्रयास है। अब हमें सोचना है कि हम अपनी जिम्मेदारियों का पथ अपनाएंगे या आंदोलन की संकरी, पथरीली और कंटीली पगडंडियों पर चलकर अपने और देश के श्रम, समय और धन की बर्बादी के संवाहक बनेंगे। तय तो हमें ही करना है। आज करें या कल। ध्यान रहे, इस विचार विन्यास में इतनी देर न करें कि सिर्फ पछतावा ही हाथ लगे।

## विचार-मंथन

# अमृतपाल, कट्टरवादी धार्मिक नेता?


सनत जैन

धर्म के नाम पर बड़ी तेजी के साथ इच्छित फल प्राप्त किए जा सकते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण अमृतपाल बनकर सामने आया है। कुछ माह पूर्व तक वह दुबई में ड्राइवरी का काम कर रहा था। अमृतपाल सिंह का पंजाब आना और सुनियोजित रूप से खालिस्तान आंदोलन का समर्थक बंद कर कुछ ही महीनों, के अंदर पूरे पंजाब में खालिस्तान आंदोलन को हवा दे दी। पंजाब के पूर्व डीजीपी का कहना है, कि अमृतपाल विदेशी मोहरा था। उसकी सभी गतिविधियां और संसाधन उसके विदेशी आकाओं द्वारा संचालित की जा रही थी। देखते ही देखते अमृतपाल सिंह ने बड़ी बड़ी विदेशी गाड़ियों के लाव लश्कर और मिंक लबादा ओढ़कर उसने पंजाब में पृथक खालिस्तान की मांग को काफी तेज कर दिया।

अमृतपाल सिंह का यह भी कहना है कि वह पृथक खालिस्तान की मांग कर रहा है। यह गैरकानूनी मांग नहीं है। जब भारत में हिंदू राष्ट्र की बात की जा रही है, तो हम भी खालिस्तान की मांग कर रहे हैं। अमृतपाल सिंह ने विदेश से आकर भारत विरोधी प्रचार करके आतंकवादियों का समर्थन हासिल करके, जिस तरह से पंजाब में आतंक का वातावरण बनाया। उससे यह तो प्रमाणित होता है, कि धर्म के नाम की अफीम चटाकर लोगों की आस्था और विश्वास को आधार बनाकर लोगों को मनवांछित दिशा मे मोड़ा जा सकता है।

पिछले 37 दिनों से पंजाब की पुलिस और केंद्र सरकार की सुरक्षा एजेंसियां अमृतपाल सिंह की तलाश कर रहे थे। फरवरी माह में अजनाला पुलिस स्टेशन पर वारिस पंजाब दे समर्थकों ने हमला किया था। उसके बाद पंजाब पुलिस ने 18 मार्च से ही अमृतपाल सिंह और उनके संगठन वारिस पंजाब दे के सदस्यों के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई शुरू कर दी थी। इसी दौरान अमृतपाल सिंह फरार हो गया। दो बार पुलिस को धोखा देकर वह फरार होने में कामयाब रहा। 18 मार्च के बाद से लगातार गाड़ियां बदलकर फरारी के दौरान पटियाला, कुरुक्षेत्र, दिल्ली सहित कई जगहों पर उसके होने की खबरें सामने आई। कई जगह के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए, 30 मार्च को उसने एक वीडियो के माध्यम से संदेश भी दिया, कि वह भगोड़ा नहीं है। वह जल्द ही पुलिस के सामने पेश होगा। उसने दावा किया था, कि वह उन लोगों की तरह नहीं है, जो देश छोड़कर भाग जाते हैं। उसकी पत्नी ब्रिटिश की नागरिक है। पिछले महीनों में करोड़ों रुपया इस संगठन के पास विदेशों से आए हैं। सबसे बड़ी बात यह थी कि जब वह हिंदू राष्ट्र बनाने को आधार बनाकर खालिस्तान की मांग को भी सही ठहरा रहा है। उसे पंजाब और विश्व के कई देशों में बड़े पैमाने पर सहयोग भी मिल रहा था ।

अमृतपाल को पंजाब की पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार करके डिब्रूगढ़ जेल पहुंचा दिया है। पंजाब के कई इलाकों में अभी भी तनाव बना हुआ है। सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी भी वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगियों के बचाव में सामने आ गई है। एसजीपीसी ने इस मामले को कोर्ट में ले जाने की बात कही है। कई सिख संगठन भी पृथक खालिस्तान की मांग का समर्थन करते हुए दिखाई पड़ रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण कर, सत्ता में काबिज होने का जो खेल चल रहा है। उसमें अब पृथक खालिस्तान की मांग भी जुड़ गई है। पंजाब में एक बार फिर भिंडरावाले की यादों को ताजा कर दिया है।

एक बार फिर पंजाब की स्थिति 1980 से 1984 के दौर में जाती हुई दिख रही है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। शिरोमणि अकाली दल, कांग्रेस, भाजपा, अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने में लगे हुए हैं। किसान आंदोलन में केंद्र सरकार द्वारा किसानों को खालिस्तानी बताने, पाकिस्तानी एजेंट बताने के कारण, यह एक नई समस्या का उदय पंजाब में हुआ है। कहा तो यह भी जा रहा है, कि किसानों के आंदोलन को कमजोर करने के लिए अमृतपाल सिंह को पृथक खालिस्तान की मांग को लेकर, सुनियोजित रूप से मैदान में उतारा गया है। केंद्र सरकार विदेशी धन की आवक में बड़े पैमाने पर पिछले वर्षों से कड़ी नजर रख रही है। एनआईए लगातार कार्रवाई कर रही है। उसके बाद भी अमृतपाल सिंह को इतनी बड़ी मात्रा में विदेशी सहायता मिलना और विदेशी संपर्क उजागर होना। एनआईए की कार्यप्रणाली को भी उजागर कर रहे हैं। वह किस तरीके से काम कर रही है। अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद पंजाब में एक बार फिर तनाव बना हुआ दिखने लगा है। राजनेता एवं धार्मिक संगठन आग में घी डालने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे है। अब देखना यह है कि केंद्र सरकार और पंजाब सरकार इससे किस तरह से निपटती है। पंजाब एक बार फिर विस्फोटक स्थिति में आकर खड़ा हो गया है।

## अर्थव्यवस्था

# मजबूत ड़िजिटल ढांचे की अहमियत

डॉ. जयंतीलाल भंड़ारी

दिनों पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा प्रकाशित वतकंग पेपर 'स्टैकिंग अप द बेनिफिट्स लेसंस फ्रॉम इंडिया'ज डिजिटल जर्नी' को पढ़ा जा रहा है। इसमें कहा गया है कि भारत ने अपने सतत विकास लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए विश्वस्तरीय बहुआयामी मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआई) विकसित किया है। यह अन्य देशों के लिए सबक है, जो अपने स्वयं के डिजिटल बदलाव की शुरु आत कर रहे हैं।




उल्लेखनीय है कि इस वतकंग पेपर में कहा गया है कि मजबूत डिजिटल नीतियों से भारत में प्रतिस्पर्धी, खुला और किफायती दूरसंचार बाजार उभरा है, और मोबाइल डेटा की लागत में 90 फीसदी की कमी से डाटा के इस्तेमाल में उछाल आया है। नोटबंदी से यूपीआई समेत भुगतान के अन्य तरीकों का अधिक इस्तेमाल हुआ है। डिजिटलीकरण ने भारत की अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में मदद की है, और आधार ने लीकेज को कम करते हुए लाभातथयों को भुगतान के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर-डीबीटी) में मदद की है। डिजिटल बुनियादी ढांचे का उपयोग करते हुए भारत कोविड-19 महामारी के दौरान गरीब परिवारों के बड़े हिस्से को जल्दी से सहायता प्रदान करने में सक्षम बना रहा। मार्चग 2021 तक डिजिटल बुनियादी ढांचे और अन्य डिजिटल सुधारों के कारण व्यय में जीडीपी का लगभग 1.1 फीसदी बचाया गया। देश में 47.8 करोड़ से अधिक जन धन खातों (जे), 134 करोड़ से अधिक आधार कार्ड (ए) और 118 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम) के तीन आयामी जैम से आम आदमी डिजिटल दुनिया से जुड़ गया है। डीबीटी से कल्याणकारी योजनाओं के जरिए महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों और कमजोर वर्ग के लोगों को अकल्पनीय फायदा हो रहा है। गौरतलब है कि 3 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीबीआई के डायमंड जुबिली समारोह में कहा कि सरकार ने 2014 से अब तक डीबीटी के जरिए करीब 27 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि सीधे लाभान्वितों के बैंक खातों तक पहुंचाई है। केंद्र सरकार द्वारा गरीबों, किसानों और कमजोर वर्ग के करोड़ों लोगों के बैंक खातों में डीबीटी से सीधे सब्सिडी जमा कराए जाने से करीब सवा दो लाख करोड़ रुपये बिचौलियों के हाथों में जाने से बचाए गए।

एक जनवरी 2023 से डिजिटल राशन प्रणाली से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाय) के तहत 80 करोड़ से अधिक लाभातथयों को हर महीने खाद्यान्न निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक, 27 फरवरी, 2023 तक किसान सम्मान निधि योजना के तहत 13 किस्तों में 11 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में डीबीटी से सीधे करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित किए जा चुके हैं। वस्तुतः बढ़ते डिजिटलीकरण ने रोजगार के नये डिजिटल अवसर पैदा किए हैं। विश्व प्रसिद्ध मैकिंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट द्वारा वैश्विक रोजगार रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में डिजिटल ढांचे की मजबूती के कारण अर्थव्यवस्था में 2025 तक डिजिटलीकरण से करीब 2 करोड़ से अधिक नई नौकरियां नितमत होते दिखाई देंगी। यह भी महझवपूर्ण है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने देश में डिजिटल रुपये के नये दौर की जिस तरह शुरुआत की है, यह गेमचेंजर साबित हो सकती है। कोई छोटी बात नहीं है कि देश में विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों पर एक अरब से अधिक लोगों के डेटा सुरक्षित बनाए रखने के लिए साइबर स्वच्छता केंद्र (सीएके) अहम भूमिका निभा रहा है लेकिन मजबूत डिजिटल ढांचे की विभिन्न उपयोगिताओं के बावजूद इस समय देश में डिजिटलीकरण के तहत स्टार्टअप, डिजिटल शिक्षा, डिजिटल बैंकिंग, भुगतान समाधान, स्वास्थ्य तकनीक, एग्रीटेक आदि के रास्ते में जो बाधाएं और चुनौतियां दिखाई दे रही हैं, उनके समाधान के लिए तत्परतापूर्वक कदम उठाए जाने जरूरी हैं।

उम्मीद करें कि सरकार देश के मजबूत डिजिटल ढांचे को ध्यान में रखते हुए जहां और अधिक सेवाओं को डिजिटलीकरण की छतरी में लाएगी, वहीं दुनिया के जरूरतमंद देशों को भी डिजिटल ढांचे से लाभान्वित करेगी। उम्मीद करें कि सरकार नई शिक्षा प्रणाली के तहत भारत में डिजिटलीकरण को अधिक गतिशील बनाने के लिए नई पीढ़ी को नये दौर की डिजिटल स्किल्स और उन्नत प्रौद्योगिकियों से शिक्षित-प्रशिक्षित करने की डगर पर तेजी से बढ़ेगी। उम्मीद करें कि सरकार देश में अधिक तकनीकी एवं वैज्ञानिक सोच, डेटा तक सरल पहुंच, स्मार्टफोन की कम लागतग निर्बाध संपर्कग बिजली की सरल आपूतत जैसी जरूरतों पर और अधिक ध्यान देगी। उम्मीद करें कि इस समय जब इस वर्ष 2023 में भारत की मुट्ठी में जी-20 की अध्यक्षता है, तब भारत द्वारा जी-20 सदस्यों के बीच आम सहमति से लाभपूर्ण और सुरक्षित साइबर स्पेस के लिए प्रभावी और आवश्यक पहल की जाएगी।

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना - रातू, जिला - रांची, झारखंड, पिन - 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक - फहीम अख्तर* (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com



## अब भी करोड़ों की कमाई कर रहे सचिन

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को संन्यास लिए एक दशक हो गया है। 24 साल के सबसे लंबे अंतराष्ट्रीय करियर वाले सचिन अब 50 साल के हो गए है। उन्होंने अपने करियर में कई रिकॉर्ड बनाए हैं। खेल को अलविदा कहने के बाद भी सचिन कमाई के मामले में काफी आगे हैं। वह नाम कंपनियों के ब्रांड एंडोर्समेंट सहित अन्य कई साधनों से करोड़ों रुपये कमा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार सचिन की कुल कमाई करीब 175 मिलियन डॉलर यानी 1436 करोड़ रुपये है। सचिन के संन्यास के बाद भी बड़े-बड़े ब्रांड अभी भी उनके नाम पर भरोसा करते हैं और उन्हें अपने विज्ञापनों में लेने को तैयार रहते हैं। सचिन को अवीवा , पेप्सी सहित कई नाम कंपनीयों के विज्ञापन में देखा जाता है। इसके अलावा जियो सिनेमा के भी वह ब्रांड एंबेसडर हैं। सचिन के पास मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में एक आलीशान बंगला है, जिसकी कीमत तकरीबन 100 करोड़ रुपये बताई जाती है। इसके अलावा उनके पास केरल में भी एक बंगला है। वहीं मुंबई के बांद्रा के कुर्ला कॉन्प्लेक्स में उनके पास एक लग्जरी फ्लैट भी है। उनके पास बीएमडब्ल्यू सहित एक से बढ़कर एक महंगी और लग्जरी कारें हैं।

# सिडनी क्रिकेट मैदान के एक गेट का नाम सचिन हुआ

**सिडनी ।(एजेंसी)**

सिडनी क्रिकेट मैदान (एससीजी) ने महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के 50वें जन्मदिन पर उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए एक गेट का नाम सचिन कर दिया है। इससे पहले महान भारतीय बल्लेबाज तेंदुलकर ने विदेशी धरती पर एससीजी को अपना पसंदीदा क्रिकेट मैदान बताया था। तेंदुलकर ने एससीजी द्वारा जारी बयान में कहा, 'भारत के बाहर सिडनी क्रिकेट मैदानमेरा पसंदीदा मैदान रहा है। ऑस्ट्रेलिया के 1991-92 में मेरे पहले दौरे से ही लेकर एससीजी से मेरी कुछ खास यादें जुड़ी हैं। उन्होंने एससीजी में पांच टेस्ट मैचों में 157 की औसत से 785 रन बनाए जिसमें उनका सबसे अधिक स्कोर नाबाद 241 रन रहा है।

एससीजी में इससे पहले वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा के 277 रन की पारी के 30 साल पूरे होने पर भी उनके नाम के एक गेट का अनावरण किया गया था। इन दोनों गेट का अनावरण एससीजी के अध्यक्ष रॉड मैकगियोच और सीईओ केरी माथेर तथा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉक्ले ने किया। ऐसे में खिलाड़ी अब लारा-तेंदुलकर गेट से मैदान में प्रवेश करेंगे।




इन दोनों ही गेट पर एक पट्टिका भी लगाई गई है जिस पर इन दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियां और एससीजी में उनके रिकॉर्ड के बारे में बताया गया है। तेंदुलकर ने कहा, 'यह बड़े सम्मान की बात है कि एससीजी पर प्रवेश करने के लिए खिलाड़ी उस गेट का उपयोग करेंगे जिसका नाम मेरे और मेरे अच्छे दोस्त ब्रायन के नाम पर रखा गया है। मैं इसके लिए एससीजी और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का आभारी हूं। जल्द ही एससीजी का दौरा करूंगा। लारा ने कहा, 'मैं सिडनी क्रिकेट ग्राउंड से मिली इस मान्यता से बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि सचिन भी ऐसा महसूस कर रहे होंगे।

संक्षिप्त समाचार



## खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव पर रोक लगायी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर ओलंपियन पहलवानों के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने के बाद खेल मंत्रालय ने महासंघ के चुनानों पर फिलहालपर रोक लगा दी है।कुश्ती महासंघ के ये चुनाव 7 मई को होने वाले थे। गौरतलब है कि बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई पर पहलवान अड़े हुए हैं। इस मामले को लेकर पहलवानों ने पहले भी धरना दिया था। तीन माह पहले भी जंतर-मंतर पर विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक समेत कई दिग्गज पहलवान एकत्र हुए थे। ब्रजभूषण पर पहलवानों ने यौन शोषण, तानाशाही-मनमानी, अपशब्दों का प्रयोग, मानसिक प्रताड़ना के साथ ही धमकाने के आरोप लगाये हैं। गाट ने कहा कि जैसे की आप सब जानते हैं कि तीन महीने पहले हमने रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आवाज उठाई थी। तब सरकार ने एक कमेटी बनाई थी और 4 हफ्ते का समय मांगा था पर 3 महीने बीत जाने के बाद भी कोई परिणाम नहीं निकला गए, हमें इंतजार करते हुए, हमारे साथ आज भी न्याय नहीं हुआ है। दो दिन पहले हम पुलिस स्टेशन गए थे। जहां 7 लड़कियों ने बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई करने की शिकायत दी है पर अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है।

## अगले मैच में वापसी के लिए तैयार हैं : सैमसन



**जयपुर ।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के हाथों सात रनों से मिली हार के बाद राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने ने कहा है कि अब हम अगले मैच में अच्छी वापसी का प्रयास करेंगे। राजस्थान को इस मुकाबले में सात रनों से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल्स को जीत के लिए 190 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन ही बना पाई। राजस्थान को आखिरी ओवर में जीत के लिए 20 रन बनाने थे पर उसके बल्लेबाजी इस ओवर में केवल 12 रन ही बना पाये। सैमसन ने कहा कि शेमरोन हेटमायर का आज दिन नहीं था, इसलिए वह असफल रहे। इसके साथ उन्होंने कहा कि इस हार के बाद वह मजबूती से वापसी करने के लिए तैयार हैं। सैमसन ने कहा, मुझे लगता है कि जब आप इस मैदान पर खेल रहे होते हैं, तो एक ओवर में 10 से 13 रनों का पीछा किया जा सकता है। यह आम तौर पर गति प्राप्त करने के बारे में है। हेटमायर हमारे लिए तेजी से रन बनाते हैं पर आज उनका दिन नहीं था। आर रविचंद्रन अश्विन ने अपने अनुभव के साथ पिछले कुछ मैचों में दबाव के क्षणों में अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल के खेल में जीत और हार बहुत कम अंतर से होती है। अगर हमें दो लगातार हार का सामना करना पड़ा, तो हमें कमर कसने की जरूरत है और अगले गेम में मजबूत वापसी करने की जरूरत है।

# आईपीएल में आज होगा गुजराज टाइटंस और मुंबई इंडियंस का मुकाबला




**अहमदाबाद ।(एजेंसी)**

गुजरात टाइटंस की टीम मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैदान पर उसे घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा पर मुम्बई के सामने उसकी राह आसान नहीं रहेगी। गुजरात की टीम आईपीएल के अपने इस दूसरे सत्र में उस प्रकार से नहीं खेल पायी है जैसा उसने पिछले साल पदार्णण के समय खेला था। इस बार टीम के गेंदबाज डेथ ओवरों में भी प्रभावी नहीं दिखे जिससे वह अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पा रही। वहीं दूसरी ओर पिछले मैच में पंजाब किंग्स से हार के कारण मुंबई इंडियंस का मनोबल गिरा हुआ है। ऐसे मे उसका लक्ष्य इस मैच में गुजरात टाइटंस को हराकर जीत की राह पर वापसी करना रहेगा। मुंबई ने इस सत्र में खराब शुरुआत के बाद लगातार तीन मैच जीते थे पर पिछले मैच में उसे पंजाब से 13 रन से हार का मिली थी। इस मैच में मुंबई के गेंदबाजों ने अंतिम पांच ओवर में 96 रन लुटा दिए जिससे पंजाब आठ विकेट पर 214 रन बनाने में सफल रहा। ऐसे में अब गुजरात के खिलाफ मुकाबले से पहले मुंबई को अंतिम ओवरों में विरोध बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा। मुंबई के तेज गेंदबाजों अर्जुन तेंदुलकर, जेसन बेहरेनडॉर्फ, कैमरन ग्रीन और जोफ्रा आर्चर में से प्रत्येक के खिलाफ पंजाब के मैच में 40 से अधिक रन गये थे। केवल अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला और उनके युवा ऋतिक शौकीन ने अच्छी गेंदबाजी की थी। मुंबई की बल्लेबाजी हालांकि अच्छी है। टीम के कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन ने जहां टीम को अब तक अच्छी शुरुआत दी है। वहीं आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के फार्म में आने से भी टीम का मध्यक्रम बेहतर हुआ है। इसके अलावा ऑलराउंडर कैमरुन ग्रीन और टिम डेविड ने भी अब तक अच्छी बल्लेबाजी की है। वहीं गुजरात का गेंदबाजी आक्रमण भी बेहतर है और ऐसे में मुंबई के बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान नहीं रहेगा। गुजरात के गेंदबाजों पर हालांकि इस मैच में दबाब रहेगा क्योंकि सत्र में स्कोर का बचाव नहीं करने के लिए उसकी आलोचना हो रही थी पर लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी की थी। इस मैच में गुजरात की जीत में अनुभवी मोहित शर्मा की अहम भूमिका रही। इस मैच में लखनऊ ने 136 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 14 ओवर में एक विकेट पर 105 रन बनाए थे लेकिन मोहित की शानदार गेंदबाजी से गुजरात यह मैच जीतने में सफल रहा। मोहित ने अंतिम ओवर में 12 रन नहीं बनने दिये।। मोहित ने जहां गुजरात की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है वहीं अनुभवी मोहम्मद शमी ने भी विकेट लेकर उनका साथ दिया। कप्तान हार्दिक पांड्या अब तक गेंदबाजी में विफल रहे हैं और उनके नाम केवल एक विकेट है। टीम के पास राशिद खान जैसा अच्छा स्पिनर है। राशिद के अलावा टीम के पास नूर अहमद और जयंत यादव भी शामिल हैं। पिछले मैच में जयंत ने अपने अंतिम दो ओवरों में केवल सात रन दिए थे जबकि नूर अहमद ने अपने आखिरी दो ओवर में पांच रन देकर दो विकेट लिए थे। बल्लेबाजी की बात करें तो रिद्धिमान साहा और शुभमन गिल शीर्ष क्रम में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं जबकि पिछले मैच में कप्तान हार्दिक पंड्या ने सबसे अधिक रन बनाये थे। गुजरात को मध्य के ओवर में डेविड मिलर से तेजी से रनों की उम्मीद रहेगी। वहीं मुम्बई की बल्लेबाज रोहित , इशान और तिलक जैसे बल्लेबाजों पर आधारित रहेगी। गेंदबाजी की कमान रिले मेरेडिथ , पीयूष चावला पर रहेगी। ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे।

## राणा ने बताया केकेआर की हार का कारण

**कोलकाता ।** आईपीएल मुकाबले में अपने घरेलू मैदान पर मिली करारी हार से निराश कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नीतिश राणा ने कहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) जैसे टीम के खिलाफ गलती कर कोई भी टीम नहीं जीत सकती है। इस मैच में केकेआर जीत के लिए मिले लक्ष्य को हासिल नहीं कर पायी। हार के बाद कप्तान राणा ने कहा कि हमारी टीम बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पावरप्ले में अधिक रन नहीं बना पाई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी टीम ने इतनी बड़ी टीम के आगे काफी गलतियां की, जिसका परिणाम मैच में हार के साथ ही सामने आया। नीतिश राणा ने कहा, यह हार स्वीकार करना कठिन है। उन्होंने कहा कि अगर आप पावरप्ले में अच्छा नहीं करते हैं तो 236 रनों का पीछा करना हमेशा ही मुश्किल होता है। उन्होंने सीएसके की जीत का श्रेय अजिंक्य रहाणे को दिया है। उन्होंने कहा, यह पचा पाना मुश्किल है कि हमने हमने इतना बड़ा स्कोर बनने दिया। इसके बाद भी हमारे पास कुछ सकारात्मक चीजे हैं पर अगर आप नहीं सुधरे तो हारते रहेंगे। रहाणे और शिवम के अर्धशतक से सीएसके ने इस केकेआर को 49 रन से हराकर अंक तालिक में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

## यूएई ने सिंगापुर को 201 रनों से हराया


**काठमांडू ।(एजेंसी)**

मोहम्मद वसीम 160 और वृत्य अरविंद के 174 रनों की सहायता से एसीसी प्रीमियर लीग क्रिकेट में यूएई ने सिंगापुर को 201 रनों से हरा दिया। इस मैच में यूएई की टीम ने सिंगापुर के खिलाफ पहले खेलते हुए 471 रन बनाये। इसके बाद सिंगापुर को 270 रन पर रोककर उसने 201 रन की बड़ी जीत हासिल की।

सिंगापुर की ओर से कप्तान मनप्रीत सिंह और थिलिपन ओमैदुरई ने अर्धशतक लगाए पर वह टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं रहे। इस प्रारुप में अभी तक सबसे ज्यादा 498 रनों का रिकार्ड इंग्लैंड के नाम हैं। इस मैच में यूएई का पहला विकेट तीसरे ओवर में ही गिर गया। आर्यन लाकड़ा 12 रन बनाकर पेवेलियन लौट गए।

इसके बाद मोहम्मद वसीम और अरविंद ने 246 रन की साझेदारी बनायी। वसीम ने जहां 82 गेंदों में नौ चौके और 16 छक्कों की मदद से 160 रन बनाए जबकि अरविंद ने 133 गेंदों में 17 चौके और सात छक्कों की सहायता से 174 रन बनाये।

मध्यक्रम में आयान अफजल खान ने 50 गेंदों में नौ चौके और 3 छक्कों की सहायता से 74 रन बनाए। इस प्रकार यूएई का स्कोर 471 तक पहुंच गया। सिंगापुर ने यूएई के बल्लेबाजों पर अकुश के लिए आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया था। इसमें भार्गव ने चार विकेट लिए थिलिपन ओमैदुरई ने नौ ओवर में 90 रन दे दिए। भास्करन ने 61 रन देकर दो तो कालीमुथु रमेश ने 73 रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी सिंगापुर की ओर की शुरूआत खराब रही। रोहन रंगाराजन 2 तो अरित्रा दत्ता 38 रन ही बना सके। कप्तान मनप्रीत सिंह और थिलिपन ओमैदुरई ने अर्धशतक लगाए पर अन्य बल्लेबाजा नाकाम रहे।



## सीएसके की ओर से सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने शिवम

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**

ऑलराउंडर शिवम दूबे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे तेजी से अर्धशतक लगाने वाले सीएसके के बल्लेबाज बने हैं। शिवम ने सीएसके की ओर से तीसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया। इस आक्रामक बल्लेबाज ने यहां ईडन गार्डन में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पारी के दौरान ये रिकार्ड बनाया। की। इस मैच में शिवम ने केवल 21 गेंदों में ही 50 रन बना दिये। इस पारी में शिवम ने कुल दो चौके और पांच छक्के लगाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 238.10 रहा। शिवम ने इस सत्र में सीएसके की ओर से कुछ अहम पारियां खेली हैं। उन्होंने छह पारियों में 30.66 की औसत से कुल 184 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 52 के स्कोर के साथ दो अर्धशतक लगाये हैं। इस सीजन में उनका स्ट्राइक रेट 157.26 रन रहा है। सीएसके की ओर से सबसे तेज अर्धशतक को रिकार्ड सुरेश रैना के नाम है। रैना ने साल 2014 में पंजाब किंग्स के खिलाफ केवल 16 गेंदों में ये बनाया था। वहीं दूसरे नंबर पर मोइन अली और अजिंक्य रहाणे हैं। इन दोनो ने ही राजस्थान रॉयल्स साल के खिलाफ 19 गेंदों में अर्धशतक लगाये थे। धोनी ने एमआई के खिलाफ और अंबाती रायडू ने भी एमआई के खिलाफ ही 20 गेंदों में अर्धशतक लगाये थे।


# मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी शेष : रहाणे

**कोलकाता ।(एजेंसी)**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से शानदार बल्लेबाजी करने वाले अजिंक्य रहाणे अब बेहद उत्साहित हैं। कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ टीम को मिली जीत में रहाणे की आक्रामक पारी की अहम भूमिका रही। रहाणे का कहना है कि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी शेष है। सीएसके की पीली जर्सी पहनते ही रहाणे एकदम बदले-बदले दिखे। उन्होंने 19 गेंदों में अर्धशतक के साथ ही अंतिम ग्यारह में अपनी जगह पक्की की है। उन्होंने 5 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 29 गेंदों में 71 रनों की पारी खेली।रहाणे की इस पारी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ को 49 रन से हरा दिया। आईपीएल के इस सत्र में यह रहाणे का दूसरा अर्धशतक है। इससे पहले उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 71 रन की पारी खेली थी। उन्होंने आईपीएल के इस सत्र में अबतक 199.04 की औसत से 209 रन बनाये हैं।रहाणे ने कहा कि वह सीएसके की ओर से अपनी बल्लेबाज का आनंद ले रहे हैं पर उनका अभी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी बचा है। रहाणे ने कहा, अगर आपका दिमाग सही है तो आप ठीक रहेंगे। मैं सिर्फ अपने खेल का आनंद उठाने की कोशिश कर रहा हूं। एक बार जब आप अंदर आ जाते हैं तो आपके पास अच्छा मौका होता है। हमारी शुरुआत शानदार रही और उसके बाद मैं अपने शॉट खेलना चाहता था और गति बनाए रखना चाहता था। मैंने अब तक अपनी सभी पारियों का आनंद लिया है, मुझे अभी भी लगता है कि सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है। रहाणे ने सालों बाद आईपीएल में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेलने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, यह सीखने का अच्छा अवसर है। मैंने कई वर्षो तक भारत के लिए माही भाई के नेतृत्व में खेला है, और अब सीएसके में भी यह शानदार अवसर रहा। यदि आप उनकी कही हर बात को सुनते हैं, तो आप ज्यादा बेहतर प्रदर्शन करेंगें। उन्होंने आगे कहा, सीएसके में मुझे खेलने का मौका मिला है. जब सीएसके ने मुझे चुना तो मैं बहुत खुश था। जब आप माही भाई के नेतृत्व में खेलते हैं, तो आपको बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है। एक खिलाड़ी के रूप में और एक बल्लेबाज के रूप में, आप हमेशा एक क्रिकेटर के रूप में सुधार करने और बढ़ने की कोशिश करते हैं। सीएसके ने मुझे जो मौका दिया, उसके कारण मैं यह दिखा सका कि मेरे पास कौन से शॉट्स हैं।



## काउंटी में पुजारा के खराब प्रदर्शन से भारतीय टीम प्रबंधन भी परेशान



**मुम्बई ।** टीम इंडिया के टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अभी इंग्लैंड में काउंट क्रिकेट खेल रहे हैं। पुजारा यहां काउंटी टीम ससेक्स की कप्तानी कर रहे हैं। पुजारा इस मैच में बल्लेबाजी में विफल रहे हैं। पुजारा दोनो ही पारियों में 20 रन भी नहीं बना पाये। भारतीय टीम को इस साल जून में इंग्लैंड में ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेलना है। उससे पहले पुजारा की इस नाकामी से टीम प्रबंधन की चिन्ताएं बढ़ गयी हैं। भारतीय प्रबंधन उम्मीद कर रहा है कि काउंटी क्रिकेट से वह इंग्लैंड के माहौल में ढ़लकर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पुजारा काउंट टीम योर्कशायर के खिलाफ पहली पारी में 49 गेंद पर 18 रन ओर दूसरी पारी में 20 गेंद पर केवल 13 रन ही बनाकर पेवेलियन लौटे। पुजारा ने इससे पहले कांउटी में डरहम के खिलाफ 115 और 35 रन बनाए थे। ससेक्स ने यह मुकाबला 2 विकेट से जीता भी था। पुजारा ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 57 शतक और 75 अर्धशतक बनाये हैं। उन्होंने कुल 18 हजार से अधिक रन बनाये हैं। इसमें 352 रनों की बड़ी पारी भी शामिल है। वहीं पुजारा ने टेस्ट में 102 मैच में 19 शतक और 35 अर्धशतक लगाकर 7154 रन बनाए हैं।


## 50 साल के हुए सचिन, दुनिया भर से मिली शुभकामनाएं

**मुंबई ।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर आज सोमवार को 50 साल के हो गए हैं। सचिन को उनके जन्मदिन पर साथी खिलाड़ियों के साथ ही दुनिया भर के अपने प्रशंसकों और खेल हस्तियों ने शुभकामनाएं दीं। सचिन ने अपने पूरे करियर में सबसे अधिक रनों और शतकों के साथ ही करीब दो दशक से अधिक समय तक खेलकर जो विश्व रिकार्ड बनाया है उसके करीब भी अन्य खिलाड़ी नहीं पहुंच पाये हैं। तेंदुलकर ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान 664 मैच खेलकर सभी प्रारूपों में कुल मिलाकर 34,357 रन बनाए हैं। वह इतिहास में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने टेस्ट में 51 और एकदिवसीय में 49 सहित कुल 100 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाये हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 200 मैचों में 15,921 रनों के साथ ही सबसे अधिक रन बनाये हैं। उन्होंने इसके साथ ह अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में कुल 264 छक्के भी लगाए हैं। करीब 10 साल पहले क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी उनकी लोकप्रियता और ब्रांड वैल्यू पहले की तरह ही है। तेंदुलकर का जन्म 24 अप्रैल 1973 को मुंबई में हुआ था। टेस्ट और एकदिवसीयअंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे अधिक मैच खेलने के मामले में भी सचिन शीर्ष पर हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 34357 रन बनाए हैं। उनके बाद दूसरे नंबर के खिलाड़ी श्रीलंका के कुमार संगकारा के 28016 रन हैं। इस तरह पहले और दूसरे नंबर के बीच 6 हजार से ज्यादा रनों का अंतर है। इसके अलावा मौजूदा समय में विराट कोहली ही एकमात्र सक्रिय क्रिकेटर हैं, जिन्होंने 25 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। ऐसे में अभी अगले कुछ साल तक सचिन का रिकार्ड टूटना असंभव है। सबसे ज्यादा शतकों की बात करें तो सचिन ने 100 शतक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगाये हैं। दूसरे नंबर पर इस सूची में विराट हैं, जिन्होंने अब तक 75 शतक हैं। इसके अलावा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 463 मैच और टेस्ट क्रिकेट में 200 मैच खेलने का विश्व रिकॉर्ड भी सचिन के ही नाम है।

# छोटे पर्दे पर नई शैलियों के बारे में खुलकर बोलीं टीना दत्ता



टीवी की मशहूर एक्ट्रेस टीना दत्ता वर्तमान में हम रहे न रहे हम शो में नजर आ रही हैं और उन्होंने छोटे पर्दे पर नई शैलियों के बारे में बात की। उतरन शो में एक्टिंग करने के बाद टीना घर-घर में अपने किरदार इच्छा के नाम से मशहूर हो गई। टीना का किरदार एक नौकरानी की बेटी का था और उसकी सबसे अच्छी दोस्त उसकी मां के मालिक की बेटी थी। इस बारे में बात करते हुए कि क्या सोशल मैसेज पर शो और सास-बहू नाटकों के सुर्खियों में आने के बाद दर्शक छोटे पर्दे पर नई शैलियों की तलाश कर रहे हैं, इस पर टीना ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, मुझे लगता है कि लोग नए जोनर की तलाश कर रहे हैं क्योंकि आप एक ही चीज को टेलीविजन पर कितना देख सकते हैं? हम सभी समय के साथ आगे बढ़ते हैं और नई चीजों को अपनाते हैं और लोग नई चीजें देखना पसंद करते हैं। हम रहे न रहे हम की कहानी फ्रेश स्टोरी है। बदलाव ही एकमात्र ऐसी चीज है जो निरंतर है और दर्शक भी स्क्रीन पर उस एलिमेंट को देखने के लिए इस तरह के एक ताजा वाइब का इंतजार कर रहे हैं। हम रहे ना रहे हम सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।



## अजय संग पुलिस की वर्दी में दिखेंगी दीपिका

अजय देवगन एक बार फिर स्क्रीन पर बाजीराव सिंघम बनने के लिए तैयार हैं। फिल्म की तीसरी किश्त सिंघम 3 को एक्शन-डायरेक्टर रोहित शेट्टी डायरेक्ट करेंगे। बताया जा रहा है कि

थिएटर्स में रिलीज होगी। अजय देवगन एक बार फिर बाजीराव सिंघम बनकर गुंडों से दो-दो हाथ करेंगे। जी हां। हम बात कर रहे हैं सिंघम 3 फिल्म की, जिसकी रिलीज डेट सामने आई है। कहा

में रिलीज होगी। एक और बड़ी बात सामने आ रही है कि इसमें दीपिका पादुकोण की एंट्री हुई है! जानकारी के मुताबिक, रोहित शेट्टी की मूवी स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी। ये 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। ये रोहित की सुपर सक्सेसफुल फ्रेंचाइजी सिंघम की तीसरी किश्त है। इसकी शूटिंग इसी साल अगस्त महीने से शुरू होगी। इस बार सिंघम 3 दर्शकों के लिए बेहद खास होने वाली है, क्योंकि स्क्रीन पर अजय के अपोजिट दीपिका पादुकोण होंगी। रोहित शेट्टी ने सर्कस के एक इवेंट में अनाउंसमेंट की थी कि दीपिका लेडी सिंघम बनेंगी। वो पुलिस की वर्दी में एक्शन करती नजर आएंगी।

### इन फिल्मों में हैं अजय देवगन

अजय देवगन भोला में नजर आए थे। अब वो बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा मूवी मैदान में कोच सैय्यद अब्दुल रहीम के किरदार में दिखाई देंगे। ये फिल्म 23 जून 2023 को थिएटर्स में रिलीज होगी।

### दीपिका के पास भी कई मूवीज

उधर, दीपिका भी कई प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। वो ऋतिक रोशन संग फाइटर में होंगी, जिसे सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। वो शाहरुख खान की जवान में एक स्पेशल सॉन्ग में भी हैं। उनके पास प्रभास और अमिताभ बच्चन संग प्रोजेक्ट के भी है।



## शाहरुख को अरिजीत फिर देंगे अपनी आवाज

पठान का गाना झूमे जो पठान को दर्शकों द्वारा काफी पसन्द किया गया था। इस गाने को अरिजीत सिंह ने गाया था। समाचारों के मुताबिक अरिजीत किंग खान के लिए एक बार फिर गाना गाने जा रहे हैं। जवान के निर्देशक एटली और संगीतकार अनिरुद्ध रविचंद्र शाहरुख खान के लिए एक

हैं। शाहरुख इस फिल्म के म्यूजिक को लेकर इन दिनों टीम के साथ काफी इंवॉल्व हैं और अरिजीत के गाने को लेकर काफी ज्यादा खुश हैं। सूत्रों के मुताबिक यह इस फिल्म से पहला गाना होगा जो लोगों के लिए रिलीज किया जाएगा। गौरतलब है कि जवान को 2जून को प्रदर्शित करने की तैयारी चल रही है। माना जा रहा है कि इसका पहला टीजर मई के महीने में आउट हो सकता है। जवान की शूटिंग कुछ सप्ताह पहले पूरी हो चुकी है, जबकि गाने अभी कुछ दिन पहले ही पूरे किए गए हैं।



## सान्या मल्होत्रा की कटहल सीधे ओटीटी पर 19 मई को

सान्या मल्होत्रा जल्द ही फिल्म कटहल में दिखाई देने वाली हैं। कटहल के निर्माताओं ने इस फिल्म की प्रदर्शन तिथि की घोषणा कर दी है। यह फिल्म 19 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जाएगी। इसके साथ अभिनेत्री ने फिल्म के प्रदर्शन से ठीक एक माह पहले प्रमोशनल कैंपेन शुरू कर दिया है। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, मैं अपनी फिल्म कटहल के प्रमोशन के सिलसिले में अपने होमटाउन दिल्ली में लौटी हूं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के कैम्पस में आते ही पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं। मेरी इस खास फिल्म की रिलीज की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए और उम्मीद करती हूँ कि आप इस फिल्म का उतना ही लुत्फ उठाएंगे जितना मुझे इसकी शूटिंग करते हुए आया।

## शाहरुख खान की जवान में शामिल हुए अल्लू अर्जुन

अल्लू अर्जुन ने जवान के लिए शाहरुख खान के साथ एक स्पेशल सीक्वेंस शूट किया है। इससे पहले, इस बात की जोरदार चर्चा थी कि अल्लू ने शाहरुख खान और नयनतारा स्टारर फिल्म में कैमियो करने से इनकार कर दिया था, लेकिन अब ताजा खबरें हैं कि ऐसा कभी नहीं हुआ और अल्लू अर्जुन खुशी-खुशी शाहरुख खान की फिल्म का हिस्सा थे, जो बॉलीवुड में नयनतारा की पहली फिल्म भी है। खबरों के अनुसार, अल्लू अर्जुन का जवान में शाहरुख खान के साथ एक फाइट सीक्वेंस होगा और फिल्म में पुष्पा और पठान स्टार को एक साथ देखने के लिए प्रशंसक पहले से ही रोमांचित हैं। अल्लू निश्चित रूप से बहुत सारे दर्शकों को सिनेमाघरों में लाने जा रहे हैं, खासकर दक्षिण में। जबकि पुष्पा स्टार बॉलीवुड में पहले से ही एक हीरो है, अब अपनी आखिरी मसाला एंटरटेनर, पुष्पा- द रूल के लिए धन्यवाद। जवान में शाहरुख खान और अल्लू अर्जुन पहली बार साथ नजर आएंगे। जवान की बात करें तो, शाहरुख खान का गुंडों से लड़ते हुए लीक हुआ वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया है और इसने किंग खान के प्रशंसकों के बीच एक उन्माद भेज दिया क्योंकि उन्होंने इसे पठान की तुलना में एक बड़ी ब्लॉकबस्टर घोषित किया। शाहरुख खान ने चार साल के विश्राम के बाद पठान के साथ वापसी की और साबित कर दिया कि वह बॉक्स ऑफिस किंग हैं, क्योंकि प्रशंसकों ने उन्हें बड़े पर्दे पर बहुत याद किया। जवान के साथ-साथ शाहरुख खान पहली बार तापसी पन्नू के साथ डंकी में नजर आएंगे। सुपरस्टार ने टाइगर बनाम पठान क्रॉसओवर को सलमान खान के साथ साइन किया है। सलमान खान और शाहरुख खान को फिर से एक साथ देखना एक विजुअल ट्रीट होगा।





## अंजलि तत्रारी वंशज में मुख्य भूमिका निभाएंगी

टीवी अभिनेत्री अंजलि तत्रारी को आगामी शो वंशज में फीमेल मुख्य भूमिका निभाने के लिए लिया गया है। उन्होंने युवा लड़की युविका की भूमिका निभाने के बारे में बात की, जिससे वह कई तरह से संबंधित हो सकती है। अंजलि ने 2018 में एक्शन फिल्म सिम्बा से अभिनय की शुरूआत की, जिसमें उन्होंने एक छोटी भूमिका निभाई। बाद में, उन्होंने मेरे डैड की दुल्हन, तेरे बिना जिया जाए ना जैसे टीवी शो में अभिनय किया। नए शो में मुख्य भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा- युविका एक युवा लड़की है, जो अपने आप को चुनौतीपूर्ण स्थिति के बीच पाती है और मैं उसकी यात्रा को चित्रित करने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि वह इस कठिन दौर से गुजरती है। उन्होंने कहा कि कई मायनों में वह अपने ऑन-स्क्रीन चरित्र के समान हैं और अंजलि को उम्मीद है कि दर्शक शो में उनके व्यक्तित्व को पसंद करेंगे। उन्होंने कहा, उसका किरदार मेरे साथ तुरंत जुड़ गया और मैं उसे पर्दे पर जीवंत करने के लिए उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक वंशज को देखने का आनंद लेंगे और युविका के चरित्र से जुड़ सकते हैं। वंशज एक कारोबारी परिवार के सदस्यों और उनके शक्तिशाली साम्राज्य के इर्द-गिर्द है। यह अमीर होने और राजनीतिक प्रभाव होने के बावजूद उनके ट्रायल्स और क्लेशों और खामियों को दिखाएगा। वंशज जून में सोनी सब पर प्रसारित होगा।



## कमांडो 4 की तैयारी के लिए यह खास डाइट फॉलो कर रहीं अदा शर्मा

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा इन दिनों अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म कमांडो 4 की शूटिंग में बिजी हैं। इस फिल्म में अदा एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आने वाली हैं। हाल ही में अदा शर्मा को कमांडो 4 के सेट पर पुलिस की वर्दी में देखा गया था। अदा कमांडो सीरीज का हिस्सा हैं और उन्हें सेट पर खाकी वर्दी में देखा गया था। कमांडो 4 के कुछ हिस्सों की शूटिंग मुंबई में हो रही है और एक्ट्रेस सेट पर एक्शन सीन करती नजर आ रही हैं। कुछ दिनों पहले अदा ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें उनके हाथों पर चोट के निशान थे। इसका मतलब है कि कमांडो 2 और 3 में उनके एक्शन सीन्स की तरह ही वह एक बार फिर एक्शन मोड में नजर आएंगी। अदा शर्मा का कहना है कि वर्दी में एक महिला का किरदार निभाना उन्हें हमेशा से आकर्षित करता रहा है। अदा का एक दिलचस्प वीडियो इंटरनेट पर सामने आया है जहां वह केला खाती हुई नजर आ रही हैं क्योंकि वह बनाना डाइट पर हैं। अदा जो अपने पूरे जीवन में शुद्ध

होते हैं, बालों और त्वचा के लिए अच्छे होते हैं, पाचन के लिए अच्छे होते हैं। केले ट्रिप्टोफैन नामक एक मूड रेगुलेटिंग पदार्थ छोड़ते हैं जो मस्तिष्क में सेरोटोनिन में परिवर्तित हो जाता है। यह मूड को बढ़ाता है और आपको खुश करता है। मैं बंदरों और गोरिल्लाओं से बहुत प्रेरित हूं। वे केले खाते हैं और बहुत मज़ेदार और ऊर्जावान लगते हैं। अभिनेत्री को कमांडो फ्रैंचाइज़ी में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाने का अवसर मिला जब आप एक भूमिका के लिए पुलिस की वर्दी पहनते हैं तो आप जिम्मेदारी की भावना महसूस करते हैं, अदा कहती हैं, मैं फिर से भावना रेड्डी की भूमिका निभाऊंगी। वही किरदार और दोगुनी मस्ती और दोगुना एक्शन। भावना रेड्डी में व्यंग्यात्मक हास्य का अपना ब्रांड भी होगा। कमांडो सीरीज की पहली तीन फिल्मों ने अपना फैन बेस तैयार कर लिया है और यही वजह है कि चौथी फिल्म पर काम चल रहा है। अदा आगे सच्ची घटनाओं पर आधारित हिंदी फिल्म द केरल स्टोरी में नजर आएंगी।



## नई पीढ़ी में अपने काम के प्रति ज़ुनून को देख खुश हैं डिंपल कपाड़िया

14 साल की उम्र में अपनी फिल्म बॉबी से पहचान बनाने वाली दिग्गज बॉलीवुड अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया इन दिनों वेब सीरीज सास, बहू और फ्लेमिंगो को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इसमें राधिका मदान, ईशा तलवार और अंगिरा धर सहित कई शानदार कलाकार शामिल हैं। उन्होंने युवा अभिनेताओं के साथ काम करने और वेब शो का हिस्सा बनने के अपने अनुभव को साझा किया। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, डिंपल ने कहा- राधिका, ईशा और अंगिरा के साथ काम करना शानदार था। इस नई पीढ़ी के साथ आने वाली स्वतंत्रता और जिम्मेदारी की भावना मुझे वास्तव में बहुत खुश करती है और आश्वस्त करती है कि अगली पीढ़ी के अभिनेता हिंदी सिनेमा की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। 65 वर्षीय अभिनेत्री ने सागर, रुदाली, गर्दिश, लेकिन., काश, प्रहार, नरसिम्हा, हम कौन हैं जैसी कई हिट फिल्में दी हैं। उन्होंने कई प्रोजेक्ट्स में खास किरदार और सहायक भूमिकाएं भी निभाईं। उन्हें क्रांतिवीर, लक बाय चांस, फाइंडिंग फैनी और कई अन्य फिल्मों में उनके प्रदर्शन के लिए कई पुरस्कार मिले। नई पीढ़ी के अभिनेताओं के साथ काम करने और एक्शन सीन करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा- ये तीन युवा एक्ट्रेसेज अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली हैं और अपने काम के प्रति जुनूनी हैं, और मुझे इससे बेहतर को-स्टार्स की उम्मीद नहीं थी। कुछ सीन्स एक्शन से भरपूर थे और हम नैतिक और शारीरिक दोनों के लिए एक-दूसरे पर निर्भर थे। एक्शन सीक्वेंस से लेकर हाई ऑक्टेन ड्रामा तक हमें भावनाओं की एक वाइड रेंज से गुजरना पड़ा और साथ में हमने यह सब किया।